नागपुरी सीखें

(नागपुरी / सदानी / सादरी सीखें)



लेखक

डॉ. गिरिधारी राम गौंझू 'गिरिराज'

नागपुरी सीखें

(नागपुरी / सदानी / सादरी सीखें)

लेखक

डॉ. गिरिधारी राम गौंझू 'गिरिराज'

प्रकाशक

झारखण्ड झरोखा, राँची

ISBN : 978-93-81720-08-0

प्रथम संस्करण : 2013

प्रकाशक : झारखण्ड झरोखा
दुकान न.– डी. जी. 03
न्यू बिल्डिंग, न्यू मार्केट,
रातू रोड, राँची, (झारखण्ड), पिन न. 834001
मो. 09973112040, 09471160792
ई–मेल : jharkhandjharokharanchi@gmail.com

मुख्य वितरक : क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी
28, शॉपिंग सेन्टर, कर्मपूरा, न्यू दिल्ली–110 015
दूरभाष : (ऑ) 25465978, 65903449 (निवास) : 28542847
ई–मेल : classicalpc@gmail.com

आवरण : नागवंश का अंतिम गढ़, रातु किला,
छाया–विरेन्द्र कुमार

NAGPURI SIKHEÑ
by Dr. Giridhari Ram Gaunjhu "GiriRaj"

भूमिका
नागपुरी / सदानी / सादरी सीखू

झारखंड की एक आदिम प्रजाति हैं– नागजाति। इसी नाग प्रजाति की एक सशक्त शाखा कहलाती है– सदान। सदानों की मातृभाषा है सदानी। सदानी को कई नामों से भी जाना जाता है जैसे– गँवारी, गँवली सदरी या सादरी छोटानागपुरिया या नागपुरिया। अब इसे नागपुरी (सदानी / सादरी) में स्थिर कर दिया गया है। नागपुरी, सदानी या सादरी जिस भूखण्ड की भाषा है उसे नाग प्रजाति की प्रधानता के कारण नागदेश, नागदिसुम, नागखंड, हीरानागपुर, सोनानागपुर सुतियानागपुर, (सुतियानागखण्ड), चुटियानागपुर, छोटानागपुर और अब झारखण्ड नाम पर विराम पा गया है। वैसे इस भूभाग के अन्य नाम भी है। वैदिक, पौराणिक, रामायण, महाभारत काल में इसे अर्क खण्ड, कर्क खण्ड, पौड्र, पुण्ड्र, पौड्रिक, पुण्डरिक भी कहा जाता रहा है।

झारखण्ड में मुण्डाओं के पूर्व असुरों की उपस्थिति थी। असुर–नाग एक ही वर्ग के बताए गए हैं। नागों और असुरों की भाषा की प्रमुखता का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि मदरा मुण्डा के पोष्य पुत्र का नाम मुण्डारी भाषा में न होकर फणि मुकुट राय नागपुरी में रखा गया। इसी मुकुट को मटुक, मकुट, मुटुक जैसे अपभ्रंश भी लोक भाषा नागपुरी में मिलते हैं। 64 ई. में फणि मुकुट राय का आविर्भाव होता है। 83 ई में पड़हा पंचायत द्वारा मदरा मुण्डा के शासन में फणि मुकुट राय को शासन भार मिलता है। तब से नागपुरी राज भाषा के रूप में पूरे नागवंशी शासन काल में अर्थात् 83 ई. से 14 अगस्त 1947 तक रही है। राजभाषा होने के कारण झारखण्ड में बाद में आ बसे लोग भी अपनी भाषा के साथ–साथ नागपुरी की बहुलता से प्रयोग करते आ रहे हैं। अनेक मुण्डा, उराँव, खड़िया आदि जनजातियों की तो नागपुरी / सदानी / सादरी मातृभाषा भी हो गई है। इतना ही नहीं इन जनजातियों के संस्कार व विवाह गीत, मंत्र आदि लोकगीत, लोककथा, नागपुरी में भी भरे पड़े हैं।

नागपुरी सदानों अथवा नागजाति की मातृभाषा, नागवंशी शासन काल की राजभाषा और मुण्डा खड़िया, उराँव आदि की सम्पर्क भाषा

है। प्राचीन, मध्य व आधुनिक काल (स्वतंत्रता के पहले) आए लोग सम्पर्क भाषा के रूप में इसका प्रयोग करते आ रहे हैं। नागपुरी एक सरल, सुबोध, सहज, सुंदर, मधुर भाषा है। इस बोली की मधुरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मगही भाषी, हिन्दी के प्रकाण्ड विद्वान प्रो केसरी कुमार ने नागपुरी को "गीतों की रानी" कहा है। अन्य विद्वानों ने इसे मधु भाषा, बॉसुरी की भाषा, मांदर की भाषा आदि कहा है। यहां का बोलना ही संगीत और चलना ही नृत्य एवं वक्ष व नितंब ही मांदर कहा जाता है।

नागपुरी/सदानी/सादरी पूरे झारखण्ड को जोड़ने वाली भाषा है। यहां धर्म प्रचार, राजनीतिक प्रचार व अन्य ज्ञान–विज्ञान, विज्ञापन, व्यापार, प्रचार नागपुरी के द्वारा आज भी होता है। मराङ गोमके जयपाल सिंह जैसे झारखण्ड पार्टी के प्रवर्तक का सार्वजनिक भाषण नागपुरी में ही होते थे। इन्होंने झारखण्ड आन्दोलन की भाषा नागपुरी को व्यावहारिक रूप में अपनाया ही नही बल्कि झारखण्ड की राज भाषा के रूप में स्वीकार करने की बात की थी। नागपुरी/सदानी/सादरी के प्रयोग से पंचपरगनिया, खोरठा, कुरमाली भी आसानी से जुड़ जाते हैं। इनका मूल एक ही अर्ध्दमागधी या झारखंडी प्राकृत भाषा रही है। इतना होने पर भी 70 प्रतिशत मुण्डारी, खड़िया एवं कुडुख के शब्द नागपुरी/सदानी/ सादरी से ध्वनि एवं अर्थ साम्य रखते हैं। अतः नागपुरी/सदानी/ सादरी जानने से एक तरह से पूरे झारखंडियों से सम्पर्क साधा जा सकता है। नागपुरी की व्यापकता को असम–बंगाल के चाय बगान इलाकों में तथा अंडमन निकोबार द्वीप, दिल्ली, कोलकाता जैसे महानगरों में भी देखा जा सकता है। यहां इनकी कई छोटी बड़ी बस्तियां बस गई हैं। बंगला देश में भी सादरी बोलने वाले लाखों में हैं। यहाँ सादरी प्राइम तैयार कर पढ़ाया भी जाने लगा है।

नागपुरी/सदानी/सादरी साहित्य की समृद्ध परम्परा यहां रघुनाथ नृपति 1626 ई. (नागवंशी शासक) से मिलती है। इसे हनुमान सिंह, बरजू राम, दृगपाल राम, महंत घासी, सोबरन, कंचन, शेख डोमन, घासी राम, धनी राम बक्शी, पीटर शांति नवरंगी, योगेन्द्रनाथ तिवारी, प्रफुल्ल कुमार राय, बड़ाईक ईश्वर प्रसाद सिंह, द्वारकानाथ सिन्हा, विन्देश्वरी मिश्र जैसे महान कवि एवं साहित्यकार नागपुरी में हो गए हैं। इनके उपरान्त इनकी परम्परा को

आगे बढ़ाने वालों में डॉ. विसेश्वर प्रसाद केशरी, डॉ. श्रवण कुमार, गोस्वामी, सहनी उपेन्द्रपाल नहन, शारदा प्रसाद शर्मा, नईमउद्दीन मिरदाहा लाल रण विजय नाथ शाहदेव, मेघनाथ ओहदार, कालेश्वर ठाकुर, शिव अवतार चौधरी, धनेद्र प्रवाही आदि हैं। सम्प्रति नई पीढ़ी में प्रमोद कुमार राय, क्षितीश कुमार राय, सुरेश चन्द्र राय, डॉ. कुमारी वासंती, शकुंतला मिश्र, डॉ. राम प्रसाद, डॉ. कृष्ण प्रसाद साहु कलाधर, मेघनाथ ओहदार, गिरिराज आदि– इत्यादि नागपुरी के विकास में सतत् लगे हुए हैं।

नागपुरी/सदानी/सादरी के अनेक क्षेत्रीय रूप हो गए हैं। इसे सीमाओं के आधार पर उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी, पश्चिमी तथा केन्द्रीय नागपुरी में मोटे तौर पर देख–सुन व बोल सकते हैं। सीमा पार की भाषाओं जैसे उत्तर में मगही पूर्व में बंगला, दक्षिण में उड़िया पश्चिम में छतीसगढ़ी आदि का स्पष्ट प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। अतः नागपुरी सीखने के लिए इसमें केन्द्रीय नागपुरी को आधार बनाया गया है क्योंकि इसमें सीमावर्ती भाषाओं का प्रभाव प्रायः नहीं पड़ा है। केन्द्र में भी कुछ सहिया भाषा मुण्डारी, कुडुख, खड़िया आदि का प्रभाव इसमें पड़ा है तो यह उन्हें भी प्रभावित की है।

अतः नागपुरी/सदानी/सादरी के लिए केन्द्रीय नागपुरी को जिस रूप में फा. पीटर शांति नवरंगी तथा पं. योगेन्द्र नाथ तिवारी ने नागपुरी व्याकरण लिखा है। उसी को मूल आधार बना कर इस पुस्तिका को तैयार किया गया है। लेखक पिछले 25–30 वर्षो से नागपुरी व्याकरण तथा 20–22 वर्ष से भाषा विज्ञान के अध्यापन में लगा हुआ है। प्राप्त अनुभवों और शोध के उपरान्त वर्तमान केन्द्रीय रूप को ही मानक मान कर प्रस्तुत भाषा शिक्षण में रखने का विनम्र प्रयास है फिर भी आशा है पाठकगण अपने विचार एवं सुझाव तर्कपूर्ण ढंग से दे सकते हैं। हमें इससे खुशी होगी। यदि आवश्यक हुआ तो अगले संस्करणों में अपेक्षित सुधार किया जा सकता है। दुनियाँ की कई महत्वपूर्ण भाषाओं के सीखने में इसमें प्रस्तुत विधि का पालन किया गया है। आशा है नागपुरी/ सदानी/ सादरी सीखने वाले और नागपुरी के क्षेत्रीय रूप वालों को भी एक केन्द्रीय मानक रूप में जानने समझने में यह पुस्तक उपयोगी होगी। सुधीजनों से सार्थक सुझाव की आशा के साथ, जोहार।

गिरिधारी राम गौंझू 'गिरिराज'

विषय सूची

1. सर्वनाम

किसी भी भाषा के सीखने में सबसे पहले उसके सर्वनाम को जानना अनिवार्य होता है। नागपुरी के सर्वनाम से आप का परिचय हो जाए–

हिन्दी	**नागपुरी**
मैं	मोएँ
हमलोग	हामरे / हामरे मन
तू / तुम	तोएँ
तुम लोग	तोहरे मन
आप	तोहरे (प्यार+आदर देने के लिए) रउरे (आदर देने के लिए) अपने (श्रद्धेय व्यक्तियों के लिए)
आपलोग	तोहरे मन / रउरे मन / अपने मन
यह	ई
ये	इमन
वह	ऊ
वे	उमन
आप–स्वयं	आपने–आपन
यही	एहे / एदे
यही सब	एहे मन
वही	ओहे / ओदे
वही सब	ओहे मन
कोई (व्यक्ति के लिए)	केउ
कुछ (वस्तु के लिए)	कोनो
कुछ लोग	केउ–केउ
जो	जे / ते
सो	से
कौन	के / कोन(वस्तु और व्यक्ति के लिए)
कौन सब	के मन / कोन हार मन
क्या	का (वस्तु के लिए)

सामान्य क्रिया

है	आहे (अस्तित्व व्यक्त करने के लिए)
	हेके (निश्चयात्मकता के लिए)
हैं	आहैं तथा हेकैं
था	रहे
थे	रहा / रही / रहैं (क्रमशः तोहरे, रउरे, अपने के साथ प्रयुक्त)
गा / गी	मू / म
गे / गी	ब (हामरे के साथ)
	बे (तोएँ के साथ)
	बा (तोहरे के साथ)
	ब (रउरे के साथ)
	बैं (अपने के साथ)

धातु– आ जा, खा, पी, उठ, बइठ, मर, जी, पढ़, लिख, बोल, सुन, गा, बजा, कह, नाच, ठेल, मार, पीट, खोल, ढाप, सुत (सो), छू, देख, भेज, ला आदि

इन धातुओं में हिन्दी का "**ना**" लग कर सामान्य क्रिया बनती है। नागपुरी में "**एक**" लग कर सामान्य क्रिया बनती है। जैसे–

आना, जाना, खाना, पीना, उठना, बैठना, मरना, जीना का **आएक जाएक खाएक, पीएक उठेक बइठेक मरेक जीएक**

पढ़ना, लिखना, बोलना, सुनना, गाना, बजाना का **पढ़ेक, लिखेक, बोलेक, सुनेक, गाएक, बजाएक**

कहना, नाचना, ठेलना, मारना, पीटना, खोलना का **कहेक नाचेक, ठेलेक, मारेक, पीटेक, खोलेक,**

ढकना, सुनना छूना, देखना, भेजना, लाना, आना का **ढापेक, सुतेक, छुएक, देखेक, भेजेक, लानेक, मारेक, आदि।**

वाक्य प्रयोग–1

हिन्दी – मैं किसान हूँ।

नागपुरी– मोएँ किसान हेकों।

हिन्दी – हमलोग गाँव वाले हैं।

नागपुरी– हामरे मन गँवइया हेकी।

हिन्दी – तुम छात्र हो।

नागपुरी– तोएँ पढ़इया हेकिस।

हिन्दी– तुम लोग मजदूर हो।

नागपुरी– तोहरे मन बनिहार हेका/तोहरे मन कमिया हेका।

हिन्दी– आप मेरे मामा हैं।

नागपुरी– तोहरे मोर मामा हेका।

हिन्दी– आप हमारे ससुर हैं।

नागपुरी– रउरे हामरे कर ससुर हेकी।

हिन्दी– आप उनके गुरु हैं।

नागपुरी– अपने उनकर गुरु हेकैं।

हिन्दी– आप लोग इनके फूफा हैं।

नागपुरी– तोहरे मन इनकर फूफा हेका।

हिन्दी– आप किनके दामाद हैं?

नागपुरी– रउरे केकर दमाद हेकी?

हिन्दी– आप लोगों के राजा आए हैं।

नागपुरी– अपने मनक राजा आए हैं।

हिन्दी– यह घर बड़ा है।

नागपुरी– ई घर बड़ आहे।

हिन्दी– ये पेड़ छोटे हैं।

नागपुरी– ई गछ मन छोट आहे।

हिन्दी– वह पहाड़ विशाल है।

नागपुरी– ऊ पहार जबर आहे।

हिन्दी– वे गाय–बैल चर रहे हैं।

नागपुरी– **ऊ गरू मन चरत आहैं।**
हिन्दी– यह काम मैं स्वयं करूंगा।
नागपुरी– **ई काम मोएँ आपने करमू।**
हिन्दी– वे आप ही बाजार जाएँगे।
नागपुरी– **ऊ आपनेहें पेठिया जाबैं।**
हिन्दी– यही आप का खेत है।
नागपुरी– **एहे रउरे कर दोइन हेके।**
हिन्दी– यही सब आप के टाँड़ हैं।
नागपुरी– **एहे मन अपने कर डाँड़ हेके।**
हिन्दी– वही लड़की उसकी बेटी है।
नागपुरी– **ओहे छोंड़ी उकर बेटी हेके।**
हिन्दी– वही सब आपके बागीचे हैं।
नागपुरी– **ओहे मन तोहरे कर बगइचा हेके।**
हिन्दी– कोई मेरी बात सुनता ही नहीं।
नागपुरी– **केउ हार मोर बात सुनबे नी घरैं।**
हिन्दी– कुछ भी मेरे लिए ले आओ।
नागपुरी– **कोनो हल मोर ले, ले आन।**
हिन्दी– कुछ लोग रात में आने वाले हैं।
नागपुरी– **केउ–केउ राइत के अवइया आहैं।**
हिन्दी– जो नहीं पढ़ेगा सो फेल होगा।
नागपुरी– **जे नी पढ़ी से फेल होइ।**
हिन्दी– कौन सेना में जाना चाहता है।
नागपुरी– **के पलटन में जाएक खोजेल?**
हिन्दी– कौन सा हल लोगे।
नागपुरी– **कोन हर के लेबे।**
हिन्दी– कौन सब आ रहे हैं?
नागपुरी– **के मन आत हैं।**
हिन्दी– क्या खाना पसंद करोगे?

नागपुरी– **का खाएक पसिंदाबे?**

हिन्दी– यह आकाशवाणी है।

नागपुरी– **ई आकाशवाणी हेके।**

हिन्दी– रातू रोड में आकाशवाणी केन्द्र है।

नागपुरी– **रातू डहर में आकाशवाणी केन्द्र आहे।**

हिन्दी– सभी काम से लौट रहे हैं।

नागपुरी– **सउबे काम से घुरत हैं।**

हिन्दी– मैं तब राँची था।

नागपुरी– **मोएँ सेखन राँची में रहों।**

हिन्दी– आप नौकरी पर जा रहे थे।

नागपुरी– **अपने नोकरी ले जात रहैं।**

हिन्दी– मैं गीत गाऊँगा।

नागपुरी– **मोएँ गीत गामूँ/गाम।**

हिन्दी– तुम बाजा बजाओगी।

नागपुरी– **तोएँ बाजा बजाबे।**

हिन्दी– आप कहाँ सोएँगे?

नागपुरी– **रउरे कने सुतब?**

हिन्दी– आप लोग बैठी रहेंगी।

नागपुरी– **अपने मन बइसले रहबैं।**

• • •

वाक्य प्रयोग—2

हिन्दी— मैं नागपुरी नहीं जानता।

नागपुरी— मोएँ नागपुरी/सादरी नी जानो।

हिन्दी— हमलोग नागपुरी/सादरी समझते हैं।

नागपुरी— हामरे मन नागपुरी/सादरी बुझिला।

हिन्दी— मैं थोड़ा—थोड़ा नागपुरी बोलता हूँ।

नागपुरी— मोएँ तनि—तनि नागपुरी/सादरी बोलोंना।

हिन्दी— हमलोग बिल्कुल नागपुरी नहीं जानते।

नागपुरी— हामरे मन एकदमे नागपुरी/सादरी नी जानी।

हिन्दी— क्या आप नागपुरी बातचीत करते हैं?

नागपुरी— का रउरे नागपुरी/सादरी गोठियाइला?

हिन्दी— मैं अच्छी तरह नागपुरी नहीं बोलता?

नागपुरी— मोएँ बेस लखे नागपुरी/सादरी नी बोलोना।

हिन्दी— हमलोग नागपुरी बोलने सीख रहे हैं।

नागपुरी— हामरे मन नागपुरी/सादरी बतियाएक सीखत ही।

हिन्दी— मैं नागपुरी बोलना सीखना चाहता हूँ?

नागपुरी— मोएँ नागपुरी/सादरी बोलेक सीखेक खोजोंना।

हिन्दी— हमलोग नागपुरी पढ़ना—लिखना सीखना चाहते हैं।

नागपुरी— हामरे मन नागपुरी पढ़ेक—लिखेक सीखेक खोजिला।

हिन्दी— मैं थोड़ा—बहुत नागपुरी बोलने, पढ़ने एवं लिखने सकता हूँ।

नागपुरी— मोएँ कटि—मटि नागपुरी/सादरी बतियाएक, पढ़ेक आउर लिखेक पारोंना।

हिन्दी— नागपुरी सीखने के लिए किन—किन किताबों की आवश्यकता है?

नागपुरी— नागपुरी/सादरी सीखेक ले कोन—कोन किताब मनक दरकार आहे?

हिन्दी— आप कौन—कौन सी भाषाएँ जानते है?

नागपुरी— रउरे कोन—कोन भासा जानिला?

हिन्दी— आप मेरी बात समझ रहे हैं न?

नागपुरी– **अपने मोर बात के बुझत हैं नि?**

हिन्दी– थोड़ा–थोड़ा समझ रहा हूँ।

नागपुरी– **तनि–तनि / कटि–कटि / तनि–मनि बुझत हों।**

हिन्दी– एक बार और बोलिए।

नागपुरी– **एक धँव आउर कहू / कइह घुराउ।**

हिन्दी– यहाँ क्या लिखा हुआ है?

नागपुरी– **हिजा का लिखल आहे?**

हिन्दी– थोड़ा मुझे समझा दीजिए।

नागपुरी– **तनिक मोके समझाए देउ।**

हिन्दी– अलगठे (आसान) का क्या अर्थ होता है?

नागपुरी– **अलठगे कर का माने होएल?**

हिन्दी– नागपुरी बोलना–सीखना आसान है।

नागपुरी– **नागपुरी / सादरी बोलेक सीखेक अलगठे आहे।**

हिन्दी– नागपुरी में सूर्य / तारे को क्या बोलते है?

नागपुरी– **नागपुरी सादरी में बेइर / तइरगन के का कहेन?**

हिन्दी– आप बिल्कुल स्पष्ट बोलते हैं।

नागपुरी– **तोहरे एकदम सुपट गोठियावाला।**

हिन्दी– नागपुरी बोलने वालों को ध्यान से सुनें।

नागपुरी– **नागपुरी / सादरी बोलइया मन के धेयान धइर के सुना।**

हिन्दी– बोलते रहें, अपने आप सीख जाएंगे।

नागपुरी– **गोठियाते रहू रउरे आपनेहें सीख जाब।**

हिन्दी– कुछ बोलने / बातचीत करने या सीखने में लजाना नहीं चाहिए।

नागपुरी– **कोनो बोलेक / गोठियाएक चाहे सीखेक में लजाएक नी चाही।**

हिन्दी– अगली बार नयी बात बताऊँगी।

नागपुरी– **आगे धँव नवा बात बतामू / बताम।**

हिन्दी– ये सब अच्छी तरह याद कर ले।

नागपुरी– **इमन के बेस रकम इयाइद कइर लेउ।**

हिन्दी– भूलेंगे नहीं।

नागपुरी– **बिसरब मइत।**

हिन्दी– अच्छा, जोहार।

नागपुरी– **दगे तब जोहाइर।**

• • •

4. सामान्य बातचीत–1

हिन्दी– आप का क्या नाम है?

नागपुरी– **तोहरे /रउरे/अपने कर का नाम हेके?**

हिन्दी– मेरा नाम रंथु है।

नागपुरी– **मोर नाँव रंथु हेके।**

हिन्दी– आपका नाम रथु क्यों हुआ?

नागपुरी– **तोहरे कर नाँव रंथु का ले होलक?**

हिन्दी– मेरा जन्म रथ मेला के दिन हुआ था।

नागपुरी– **मोर जनम रंथ जतरा दिन होए रहे।**

हिन्दी– यहाँ नाम कैसे रखते है?

नागपुरी– **हिआ नाँव का लखे राखेन?**

हिन्दी– जिसका जिस विशेष दिन में जन्म होता है, उसका उसी दिन का नाम देते हैं।

नागपुरी– **जेकर जे खास दिने जनम होएल ओहे दिनक नाँव उके देना।**

हिन्दी– जैसे– करम पर्व के दिन जन्म होने पर करमा, होली दिन रहने पर फगुवा, बुधवार दिन होने पर बुधवा, जैसे नाम देते हैं।

नागपुरी– **करम परब दिन जनम होले करमा, फगुवा दिन होले फगुवा, बुध दिन होले बुधवा जइसन नाँव देन।**

हिन्दी– आप की क्या उम्र हो रही है?

नागपुरी– **रउरे कर का उमेर होत हे?**

हिन्दी– मेरी उम्र अभी 60 साल हो रही है।

नागपुरी– **मोर उमेर साठ बछर होत हे।**

हिन्दी– इस वर्ष मैं तीस का हो जाऊँगा।

नागपुरी– **एसो मोएँ तीस बछर कर होए जामू।**

हिन्दी– हम लोग समवयस्क हैं।

नागपुरी– **हामरे मन जोड़ी–पाड़ी आही अथवा हामरे एके डीला आही।**

हिन्दी– मैं स्वतंत्रता दिवस के दिन जन्म लिया था।

नागपुरी– **मोएँ अजादी दिन जनइम रहों।**

हिन्दी– मैं अविवाहित / विवाहित / विधुर / विधवा / परित्यक्ता हूँ।

नागपुरी– **मोएँ कुँवार / बिहाल / राँड़ा / राँड़ी / छाँड़ी हो।**

हिन्दी– हमारी दो संताने हैं, एक बेटा और एक बेटी।

नागपुरी– **हामरे कर दुइ झन छउवा आहैं, एगो बेटा आउर एगो बेटी।**

हिन्दी– आपकी बेटी कितने वर्ष की है?

नागपुरी– **अपने कर बेटी काय बछर कर आहे?**

हिन्दी– हमारी लड़की 21 वर्ष की हो गई।

नागपुरी– **हामरे कर मँइया एकीस बरिस कर होए गेलक।**

हिन्दी– आप किस जाति के है?

नागपुरी– **रउरे कोन दूध हेकी?**

हिन्दी– हमलोग कोल्ह तेली हैं / हम लोग छोटानागपुरिया तेली हैं।

नागपुरी– **हामरे कोल्ह तेली हेकी / हामरे छोटानागपुरयां तेली हेकी।**

हिन्दी– आप कहां के है?

नागपुरी– **अपने कने कर हेकैं?**

हिन्दी– हम लोग खूंटी वासी हैं।

नागपुरी– **हामरे खुंटीयार हेकी।**

हिन्दी– आपलोग किस वर्ग के है?

नागपुरी– तोहरे कोन मधे हेका?

हिन्दी– हम लोग सोनपुर (परगना) वासी हैं।

नागपुरी– हामरे सोनपुरिया हेकी।

हिन्दी– आप लोग किस राज्य के हैं?

नागपुरी– रउरे मन कोन राइज कर हेकी?

हिन्दी– हमलोग झारखण्डी हैं।

नागपुरी– हामरे मन झारखंडिया हेकी।

हिन्दी– झारखंड में कौन–कौन सी जातियाँ हैं?

नागपुरी– झारखंड में कोन–कोन जाइत मन आहैं?

हिन्दी– झारखंड में नाग, मुण्डा, उरॉव, खड़िया संताल हो आदि हैं।

नागपुरी– झारखंड ने नाग (सदान), मुंडा, उरॉव, खड़िया, संताल कुरमी मन आहैं।

हिन्दी– तुम्हारे मामा का गाँव कहाँ है?

नागपुरी– तोहरे कर मामा– गाँव कहाँ आहे?

हिन्दी– हमारा मामा गाँव बिरहू है।

नागपुरी– हामरेक मामा गाँव बिरहू हेके।

हिन्दी– आपलोग कहाँ के जिमींदार थे?

नागपुरी– अपने मन कहाँ कर जिमीदार रहैं।

हिन्दी– हमलोग बेलवादाग के जमींदार थे।

नागपुरी– हामरे मन बेलवादाग कर जमींदार रही ।

हिन्दी– तुम आज–कल क्या कर रहे हो?

नागपुरी– तोएँ आइझ–काइल का करत हिस?

हिन्दी– मैं आज– कल गाँव में खेती बारी करता हूँ।

नागपुरी– मोएँ आइझ–काइल गाँवे खेती–बारी करोंना।

हिन्दी– इससे तुम्हारा जीवन चल जाता है?

नागपुरी– इकर से तोर जिनगी चइल जाएल?

• • •

4. सामान्य बातचीत–2

हिन्दी– नमस्ते।

नागपुरी– जोहाइर।

हिन्दी– चरण स्पर्श

नागपुरी– गोड़ लागी।

हिन्दी– अच्छे हैं?

नागपुरी– बेसे आही कि? / नगदे कि?

हिन्दी– आप की ओर कैसे है?

नागपुरी– अपने दने का नियर?

हिन्दी– हमलोग सभी अच्छे हैं।

नागपुरी– हामरे मन सउब बेसे आही।

हिन्दी– आप का बेटा प्रणाम कहा है।

नागपुरी– रउर बेटा गोड़ लागी कइह हे।

हिन्दी– प्यारे बच्चों, तुम लोग कैसे हो?

नागपुरी– तोहरे कइसन आहा बुचू?

हिन्दी– ससुराल की ओर क्या समाचार है?

नागपुरी– सोसराइर दने का हाल चाल आहे?

हिन्दी– गाँव–घर की ओर का और कोई समाचार?

नागपुरी– गाँव घर बटे आउर का हाल चाल?

हिन्दी– गाँव में वर्षा कैसी है?

नागपुरी– गाँवें बरखा–पानी कइसन आहे?

हिन्दी– रोपनी शुरू हुई क्या?

नागपुरी– रोपा–डोभा ओर होलक कि?

हिन्दी– नहीं अभी थोड़ी देर हैं।

नागपुरी– नझों, एखन कटिक देरिए आहे।

हिन्दी– बागीचे में आम--जामुन कठहल आदि पक रहे हैं क्या?

नागपुरी– बगइचा ने अम्बा, जाम, कठहर मन पाकत हे का?

हिन्दी– भरपूर पक रहे हैं।

नागपुरी– **भरखर पाकत हे ।**

हिन्दी– आज कल बच्चे बागीचे में ही दिन काट रहे हैं।

नागपुरी– **छउवा मन आइझ–काइल बगइचाए में दिन बीतात हैं।**

हिन्दी– इस वर्ष जाड़ा कैसे व्यतीत हुआ?

नागपुरी– **एसो जड़कला का नियर गुदरलक?**

हिन्दी– इस साल कड़ाके की सर्दी थी।

नागपुरी– **एसो साल कठुवाए देक नियर जाड़ रहे।**

हिन्दी– होली मेला की क्या व्यवस्था हो रही है?

नागपुरी– **फगडोल कर का सरजाम होत हे?**

हिन्दी– इस बार मंडा पर्व में कितने भक्त थे?

नागपुरी– **आबकिर मंडा परब में कतना भगतिया रहैं।**

हिन्दी– इस वर्ष तीन सौ भक्त और उतनी ही सेविकाएं थीं।

नागपुरी– **एसों तीन सव भगतिया आउर ओतनेहे सोखताइन रहैं।**

हिन्दी– मंडा मेला में अभूतपूर्व भीड़ रही होगी?

नागपुरी– **मंडा जतरा ने अजगुत भीड़ रइह होइ?**

हिन्दी– सभी बच्चे पास हुए?

नागपुरी– **सभे छउवा पास होलैं?**

हिन्दी– हाँ इस वर्ष एक को छोड़ सभी उतीर्ण हुए।

नागपुरी– **हँ एसों एक झन के छोइड़ के सभे पास होलैं।**

हिन्दी– वे खूँटी में ही पढ़ेंगे या राँची में।

नागपुरी– **उमन खूँटीये में पढ़बैं, कि राँची में।**

हिन्दी– सभी राँची जाने के लिए ही उतावले हो रहे हैं।

नागपुरी– **सभे राँचीये जाएक ले अकबकात हैं।**

हिन्दी– राँची में कहाँ रह कर पढ़ेंगे?

नागपुरी– **राँची में कहाँ रइह के पढ़बैं?**

हिन्दी– आप डेरा डालकर राँची में ही रहेंगे।

नागपुरी– **अपने डेरा लेइ के राँची में रहबैं।**

हिन्दी– गाँव आने–जाने के लिए रास्ता बना कि नही?

नागपुरी– **गाँव आएक–जाएक ले डहर बनलक कि निहीं?**

हिन्दी– इस बार श्रमदान से कच्ची सड़क बनी हैं।

नागपुरी– **अबकिर मदइती से काचा डहर बइन हे।**

हिन्दी– बिजली गाँव में पहुँची कि नहीं?

नागपुरी– **बिजली गाँवे पोहँचलक कि निहीं?**

हिन्दी– केवल खूँटा गड़ा है, तार का पता ही नहीं।

नागपुरी– **खाली खूटा गड़ा हे, तार कर ठेकाने नखे।**

हिन्दी– गाँव में पाठशाला तो खुला होगा?

नागपुरी– **गाँवे पाठशाला तो खुलक होइ?**

हिन्दी– खुला है परन्तु तीन कक्षा के लिए एक ही शिक्षक।

नागपुरी– **खुइल हे मुदा तीन क्लास ले एके गो गुरु जी।**

हिन्दी– और सभी ठीक ठाक तो हैं?

नागपुरी– **आउर सउब नगदे तो?**

• • •

5. सामान्य प्रयोग में आने वाले शब्द और वाक्य–1

हिन्दी– हाँ।

नागपुरी– **हउ / हँ / होइ।**

हिन्दी– नहीं।

नागपुरी– **निहीं (नइ) नी। मइत / नइत / ना**

हिन्दी– शायद।

नागपुरी– **साँइत**

हिन्दी– मैं समझता हूँ।

नागपुरी– **मोएँ बुझोन।**

हिन्दी– हम नहीं समझते हैं।

नागपुरी– **हामरे नी बुझिल।**

हिन्दी– अच्छा।

नागपुरी– **बेस / नगद**

हिन्दी– मुझे पसंद है।

नागपुरी– मोके पसिंद आहे।

हिन्दी– तुम्हें पसंद नहीं है।

नागपुरी– तोके पसिंद नखे।

हिन्दी– मैं पसंद करता हूँ।

नागपुरी– मोएँ पसिंदावना।

हिन्दी– तुमलोग पसंद नहीं करते हो।

नागपुरी– तोहरे मन नी पसिंदावाला।

हिन्दी– मैं चाहता हूँ।

नागपुरी– मोएँ चाहोंना।

हिन्दी– आप नहीं चाहते हैं।

नागपुरी– रउरे नी चाहीला।

हिन्दी– मैं भूल गया।

नागपुरी– मोएँ बिसराए गेलों / मोएँ बिसइर देलों / गेलों।

हिन्दी– वे भूले नहीं हैं।

नागपुरी– उमन बिसइर नखैं।

हिन्दी– कृपा कर भूलिएगा नहीं।

नागपुरी– कृपा कइर के बिसराब मइत।

हिन्दी– मुझे स्मरण है।

नागपुरी– मोके इयाइद आहे।

हिन्दी– उसे स्मरण नहीं है।

नागपुरी– उके इयाइद नखे।

हिन्दी– मुझे विश्वास है।

नागपुरी– मोके विश्वास आहे।

हिन्दी– उनको विश्वास नहीं है।

नागपुरी– उमनके विश्वास नखे।

हिन्दी– मुझे आशा है।

नागपुरी– मोके उमीद / भरोसा आहे।

हिन्दी– इनको आशा नहीं है।

नागपुरी– **इनके उमीद नखे।**

हिन्दी– मैं थक गया/गयी।

नागपुरी– **मोएँ थाइक गेलों।**

हिन्दी– चाहिए।

नागपुरी– **चाही।**

हिन्दी– नहीं चाहिए।

नागपुरी– **नी चाही।**

हिन्दी– बहुत है।

नागपुरी– **ढेइर आहे। मुरूख आहे। गेदला आहे। अखँड़ आहे। कुधा आहे। डबल आहे। छेछरा आहे। अपाय आहे। ठाकठुर आहे। (नागपुरी में कम एवं बहुत के लिए अलग–अलग प्रसंग में अनेक शब्द हैं)**

हिन्दी– कम।

नागपुरी– **कम, तनिक, तनि, तनिकुन, तनि, तनिसन, थोड़े, थोड़ेसुन, कटिमटि, कटिक।**

हिन्दी– महंगा।

नागपुरी– **महरंग/ आइग लागल दाम।**

हिन्दी– सस्ता।

नागपुरी– **सस्ता/ केउ नी पुछत हे।**

हिन्दी– काफी है।

नागपुरी– **ढेइर आहे।**

हिन्दी– सब नहीं हैं।

नागपुरी– **सउब नखे।**

हिन्दी– कहाँ जा रहे हैं?

नागपुरी– **कहाँ जात ही?**

हिन्दी– वहाँ से आ रहा हूँ।

नागपुरी– **हुँआ ले आवत हों।**

हिन्दी– यहाँ कुछ नहीं हैं।

नागपुरी– **हिया कोनो नखे।**
हिन्दी– गाँव दूर में हैं।
नागपुरी– **गाँव दूरे आहे।**
हिन्दी– नजदीक में तालाब है।
नागपुरी– **नजिके पोखोइर आहे/नगिचे पोखरा आहे।**
हिन्दी– अंदर फुलवारी नहीं है।
नागपुरी– **भीतरे फुलवाइर नखे।**
हिन्दी– बाहर भीतर एक समान है।
नागपुरी– **बाहरे–भीतरे एके लखे आहे।**
हिन्दी– छप्पर पर कद्दू फले हैं।
नागपुरी– **छाइन उपरे लउवा फइर हे।**
हिन्दी– पेड़ के नीचे बैल बैठा है।
नागपुरी– **गछ हेंठे गरू बइस हे।**
हिन्दी– सीधे जाइए।
नागपुरी– **सोझे जाउ।**
हिन्दी– आगे न जाएँ।
नागपुरी– **आगे मइत जाउ।**
हिन्दी– गाँव पीछे रह गया।
नागपुरी– **गाँव पाछे छुइट गेलक।**
हिन्दी– दाँई तरफ इमली का एक पेड़ मिलेगा।
नागपुरी– **भतखइया दने तेतइर गछ भेटाइ।**
हिन्दी– बाँयी ओर झोपड़ी है।
नागपुरी– **लेंगा बटे एक ठो कुंबा/कुरिया आहे।**
हिन्दी– इस तरफ जाना मना है।
नागपुरी– **ई पटी जाएक मनाही आहे।**
हिन्दी– उस तरफ से आ सकते हैं।
नागपुरी– **ऊ दने से आए सकिल।**
हिन्दी– अब मैं चलता हूँ।
नागपुरी– **आब मोएँ चलोना।**

हिन्दी– जल्दी से खाना (दिन / रात) खा लें।

नागपुरी– झट के कलवा / बियारी कइर लेउ।

हिन्दी– मुझे यहाँ बहुत ठंढ लगती है।

नागपुरी– मोके हिआ मुरूख जाड़ लागेल।

हिन्दी– आप को वहाँ गरमी नहीं लगती थी।

नागपुरी– रउरे के हुँवा गरम नी लागत रहे।

• • •

6. सामान्य प्रयोग में आने वाले शब्द और वाक्य–2

हिन्दी– देखिए।

नागपुरी– देखा / देखू / देखैं।

हिन्दी– मैं देख नहीं सकता।

नागपुरी– मोएँ नी देइख सकोन।

हिन्दी– हम देख रहे हैं।

नागपुरी– हामरे देखत ही।

हिन्दी– मैं सुन नहीं सकता।

नागपुरी– मोएँ सुइन नी सकोन।

हिन्दी– क्यों?

नागपुरी– का ले?

हिन्दी– क्योंकि।

नागपुरी– का ले कि।

हिन्दी– सब कुछ सही है।

नागपुरी– सभे ठीके आहे।

हिन्दी– कृपया मदद कीजिए।

नागपुरी– कृपा कइर के मदइत करू।

हिन्दी– कृपया दीजिए।

नागपुरी– कृपा कइर के देउ।

हिन्दी– कृपया लीजिए / बैठिए / पीजिए / लिखिए / दिखाइए।

नागपुरी– कृपा कइर के लेउ / बइठू / पीउ / लिखू / देखाउ।

हिन्दी– कैसी सुंदर वस्तु है।

नागपुरी– कइसन सुंदर जिनीस।

हिन्दी– कितना मनोरंजक है।

नागपुरी– कतना रिझ–रंग आहे।

हिन्दी– इसे क्या कहते हैं?

नागपुरी– इके का कहेन?

हिन्दी– इसका मूल्य क्या है?

नागपुरी– इकर का दाम आहे?

हिन्दी– कृपया मूल्य लिख दीजिए।

नागपुरी– कृपा कइर के दाम लिख देउ।

हिन्दी– इस शब्द का अर्थ क्या है?

नागपुरी– ई सबद कर का माने आहे?

हिन्दी– नागपुरी में इसे किस तरह कहना चाहिए?

नागपुरी– नागपुरी में इके का लखे कहेक चाही?

हिन्दी– उसने क्या कहा?

नागपुरी– ऊ का कहलक?

हिन्दी– हमें वहाँ कौन ले जाएगा?

नागपुरी– हामरे के हुँवा के हार ले जाइ?

हिन्दी– हमें कितने बजे तैयार हो जाना चाहिए?

नागपुरी– हामरे के कतना बजे तेयार होए जाएक चाही?

हिन्दी– हम कहाँ इकट्ठे होंगे?

नागपुरी– हामरे कोन ठन जुमा / जमा होब?

हिन्दी– तुम कब वापस आओगे?

नागपुरी– तोएँ कहिया घुरबे?

हिन्दी– क्या तुम्हें समय है?

नागपुरी– का तोके समय आहे?

हिन्दी– इसके लिए कितना वक्त चाहिए?

नागपुरी– इकर ले कतना समय चाही?

हिन्दी– आप कब रवाना होंगे?

नागपुरी– रउरे कखन डहर धरब?

हिन्दी– किसी को कोई प्रश्न पूछना है?

नागपुरी– केखों कोनो सवाल पूछेक आहे?

हिन्दी– क्या और भी कोई वस्तु है?

नागपुरी– का आउरो कोनो जिनीस आहे?

हिन्दी– जिसमें आप दिलचस्पी रखते हैं?

नागपुरी– जेकर में रउर मन लागेल?

हिन्दी– जो कुछ वह देखना चाहता था/थी उसने उसे देख लिया/ली।

नागपुरी– जे कुछ ऊ देखेक खोजत रहे उके ऊ देइख लेलक।

हिन्दी– यहाँ/वहाँ क्या लिखा है?

नागपुरी– हिआँ/हुँवा का लिखल आहे?

हिन्दी– बेचने वाला क्या बोल रहा है?

नागपुरी– बेचइया का बोलत हे?

हिन्दी– यह बहुत अच्छा है।

नागपुरी– ई बहुत बेस आहे।

हिन्दी– और आप कहाँ जाना चाहते हैं/देखना चाहते हैं?

नागपुरी– आउर रउरे कने जाएक खोजत ही/देखेक चाहत ही?

हिन्दी– मेरे पास एक घंटा और समय है।

नागपुरी– मोर ठिन आउर एक घड़िक समय आहे।

हिन्दी– इस बीच आप जो दिखाना चाहें दिखा दें।

नागपुरी– ई बीचे रउरे जे देखाएक चाहत ही से देखाए देउ।

हिन्दी– आप यहाँ की बड़ी पहाड़ी ही दिखा दे।

नागपुरी– रउरे हिआ कर बड़ पहाड़ीए देखाए देउ।

हिन्दी– तब तो बड़ा अच्छा लगेगा।

नागपुरी– **तब तो बेस माजा लागी।**
हिन्दी– कुछ खाने/पीने को वहाँ मिलेगा?
नागपुरी– **कोनो खाएक/पिएक हुँवा भेटाइ?**
हिन्दी– नहीं वहाँ कुछ नहीं मिलेगा।
नागपुरी– **निही हुँदा कोनो नी भेटाइ।**
हिन्दी– तब तो वहाँ कुछ लेकर ही चलें।
नागपुरी– **तब तो हुँवा कोनो लेइए के चलब।**
हिन्दी– यहाँ पहुँच कर बड़ा आनंद आया।
नागपुरी– **हिआ पोहँइच के बेस माजा लागलक।**
हिन्दी– दूर–दूर तक का सौंदर्य कितना अच्छा लगता है।
नागपुरी– **दूर–दूर तक कर सुंदरइ कतना बेस लागेल।**
हिन्दी– मेरा मन यहाँ मुग्ध हो गया।
नागपुरी– **मोर मन हिआ मोहाए गेलक।**
हिन्दी– ऐसे में मैं कवि क्यों न बन जाऊँ।
नागपुरी– **इसन में मोएँ कवि का लखे नी बइन जाओं।**
हिन्दी– अब बस, आज का बहुत हो गया।
नागपुरी– **आब ओतने आइझ ले ढेइर होए गेलक।**

• • •

7. निवेदन

हिन्दी– कहिए।
नागपुरी– कहू।
हिन्दी– दुहराइए।
नागपुरी– कइह घुराउ।
हिन्दी– थोड़ा रूकिए।
नागपुरी– तनिक ठहरू।
हिन्दी– थोड़ी प्रतीक्षा कीजिए।
नागपुरी– कटिक आसरा देखू।
हिन्दी– बुलाइए।
नागपुरी– हँकाए देउ।
हिन्दी– बैठा जाए।
नागपुरी– बइठल जाओक।
हिन्दी– बैठिए।
नागपुरी– बइठू।
हिन्दी– भेज दीजिए।
नागपुरी– भेइज देउ।
हिन्दी– क्या मैं पूछ सकता हूँ?
नागपुरी– का मोएँ पुइछ सकोन?
हिन्दी– क्या मैं यहाँ से पार हो सकता हूँ?
नागपुरी– का मोएँ ई ठिन ले पार होए सकोन?
हिन्दी– क्या मैं बीड़ी / चिलम / हुक्का पी सकता हूँ?
नागपुरी– का मोएँ बीड़ी / चिलम / हुक्का पी सकोन?
हिन्दी– खिड़की दरवाजे को खोलिए।
नागपुरी– जंगला–दुरा के उघराउ?
हिन्दी– खिड़की–दरवाजे को बंद कीजिए।
नागपुरी– जंगला–दुरा के ढापू।
हिन्दी– दिखाइए / समझाइए / अनुवाद कीजिए।

नागपुरी– **देखाउ / समझाउ / उलथा करू।**

हिन्दी– मुझे एक लोटा पानी देगें?

नागपुरी– **मोके एक लोटा पानी देब?**

हिन्दी– हमलोगों को एक चटाई दे दीजिए।

नागपुरी– **हामरे के गोटेक पटिया दे देउ?**

हिन्दी– क्या मैं आप की पत्नी से मिल सकता हूँ?

नागपुरी– **का मोएँ रउर बोहोरिया से भेटाए सकोन?**

हिन्दी– थोड़ा धीरे बोलिए।

नागपुरी– **तनिक धीरे गोठियाउ?**

हिन्दी– थोड़ा जोर से बोलिए।

नागपुरी– **जोरे से तनिक कहू?**

हिन्दी– मुझे स्टेशन पहुँचा दीजिए।

नागपुरी– **मोके रेल टीसन लेजाए देउ?**

हिन्दी– मुझ से हीरानागपुर होटल में मिलिए।

नागपुरी– **मोर से हीरानागपुर होटेल में भेंट करू।**

हिन्दी– मेरा एक पत्र लिख दीजिए।

नागपुरी– **मोर एगो चिठी लिख देउ।**

हिन्दी– आज का अखबार ला दीजिए।

नागपुरी– **आइझ कर खबर कागद लाइन देउ।**

हिन्दी– एक गिलास गर्म पानी दीजिएगा?

नागपुरी– **एक गिलास धीपल पानी देब?**

हिन्दी– आज मैं दिन का और रात का भोजन यहीं करूंगा।

नागपुरी– **आइझ कलवा आउर बियारी हिञे करमू।**

हिन्दी– पंखा चला दीजिए।

नागपुरी– **तनिक पंखा के चलाए देउ?**

हिन्दी– माचिस देंगे?

नागपुरी– **दियासलाई देब?**

हिन्दी– मत जगाइए, सोने दीजिए।

नागपुरी– **मइत उठाउ, सुते देउ।**

हिन्दी– समय दे सकेंगे तो मैं आपसे बात करना चाहता हूँ।

नागपुरी– **समय देक पारब हले मोएँ रउर सैं गोठियाएक खोजोंना।**

हिन्दी– मैं आप के चबुतरे पर आराम करना चाहता हूँ।

नागपुरी – **मोएँ तनिक रउर पींडा में सुसताएक खोजतहों?**

हिन्दी– कल जो कुदाल ले गया था उसे लौटाने लाया हूँ।

नागपुरी– **काइल लेइज रहों से कोड़ी के घुराएक लाइन हों।**

हिन्दी– कल के लिए भर आप साइकिल दे सकेंगे?

नागपुरी– **काउल ले भइर रउर सइकिल के देक पारब।**

हिन्दी– आप के यहाँ कोई कोठरी खाली है क्या?

नागपुरी– **रउर हिंआ एको कोठरी खाली आहे का?**

हिन्दी– भाड़े में आप का खाली मकान दीजिएगा, मेरे बेटे के लिए?

नागपुरी– **भाड़ा में रउर खाली घर देब, मोर बेटा ले?**

हिन्दी– मैं निवेदन कर रहा हूँ कि आप शांत हो जाएँ।

नागपुरी– **मोएँ विनती करत हो रउरे चुप होए जाउ।**

• • •

8. आभार व्यक्त करना / करेक

(नागपुरी तथा अन्य झारखण्डी भाषाओं में धन्यवाद के लिए अपना शब्द नहीं है और न क्षमा के लिए। ये हिन्दी आदि भाषाओं से आ गए हैं। अब तो लोग नकल पर धन्यवाद और क्षमा शब्द बोल लेते हैं परन्तु इसका वास्तविक स्वरूप भिन्न है। धन्यवाद के लिए– याद रखने अथवा न भूलने का भाव व्यक्त करते हैं। क्षमा के लिए गलती मान कर सजा मांगते हैं।)

हिन्दी– धन्यवाद।

नागपुरी– **बड़ा बेस करली।**

हिन्दी– धन्यवाद।

नागपुरी– **बड़ा नगद करली।**

हिन्दी– मैं आप को कभी नहीं भूलूंगा।

नागपुरी– **मोएँ रउरे के कहियों नि बिसराम।**

हिन्दी– आप की सहायता हमेशा स्मरण रहेगी।

नागपुरी– रउर मदइत बराबइर इयाइद रही।

हिन्दी– हमलोग आपलोगों को धन्यवाद देते हैं।

नागपुरी– हामरे रउरे मन के धन्यबाद देत ही।

हिन्दी– मैं आप का स्वागत करता हूँ।

नागपुरी– मोएँ रउरे कर स्वागत करत हों।

हिन्दी– हमलोग आप लोगों का स्वागत कर रहे हैं।

नागपुरी– हामरे मन आपने मनक स्वागत करत ही।

हिन्दी– हम लोगों के लिए आप लोगों ने बहुत किया।

नागपुरी– हामरे मन ले रउरे मन ढेइर कइर देली।

हिन्दी– आप को आमंत्रित कर रहे हैं।

नागपुरी– रउरे के बिजे करत ही।

हिन्दी– आप हमारे यहां मेहमान आए इस लिए हमलोग बहुत खुश हुए।

नागपुरी– रउरे हामरे हिजा गोतिया आली से ले हामरे डबल खुश होली।

हिन्दी– आप के मेहमान आने से सभी खुश हुए।

नागपुरी– रउर गोतिया आएक से सभे खुश भेलैं।

हिन्दी– इसके लिए कोई बात नहीं।

नागपुरी– इकर ले कोनो बात नखे।

हिन्दी– मुझ से गलती हो गई इसके लिए आप मुझे जो सजा दे दें।

नागपुरी– मोर से गलती भे गेलक इकर ले रउरे मोके जे सजा दे देउ।

हिन्दी– मुझे क्षमा कर दीजिए।

नागपुरी– मोके माफ कइर देउ।

हिन्दी– थोड़ी तकलीफ दे रहा हूँ मुझे बेलवादाग जाने का रास्ता बतला दें।

नागपुरी– कटिक तपलीक देत हो, मोके बेलवादाग जाएक डहर बताए देउ।

हिन्दी– मैं आप से जानना चाहता हूँ कि जीवनाथ बूढ़ा कहीं गए हैं

क्या?

नागपुरी– **मोएँ रउर से तनिक जानेक खोजत हो कि जीवनाथ बूढ़ा कहों जा हैं का?**

हिन्दी– क्षमा कीजिएगा, मैं अच्छी तरह उच्चारण नहीं कर पा रहा हूँ।

नागपुरी– **माफ करबा, मोएँ तनिक बेस नी फुरचाएक पारत हों।**

हिन्दी– क्षमा मांगता हूँ, मैं बैठक में देर से आया।

नागपुरी– **माफी मांगत हो, मोएँ बइठकी में देरी से आलों।**

हिन्दी– गलती कर के क्या क्षमा मांगते हो?

नागपुरी– **गलती कइर के का माफी मांगत हिस?**

हिन्दी– गलती किए हो तो इसका फल मिलेगा ही।

नागपुरी– **गलती कइर हिस तो इकर फल भेटाबे घरी।**

हिन्दी– क्षमा कीजिएगा मैं आप की बातों के बीच बोल दिया।

नागपुरी– **माफ करब, मोएँ रउर बात में टोइक देलों।**

हिन्दी– आप आए इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद।

नागपुरी– **रउरे आली सेकर ले बहुत बहुत धइनबाद।**

हिन्दी– धन्यवाद देना हमलोग नहीं जानते।

नागपुरी– **धन्यवाद देक हामरे नी जानी।**

हिन्दी– ऐसा अभ्यास हम लोगों का नहीं है।

नागपुरी– **इसन हेवा हामरे मनक नखे।**

• • •

9. इच्छा/भाव प्रकट

हिन्दी– आप क्या चाहते है?

नागपुरी– रउरे का चाहत ही?

हिन्दी– तुम क्या खोजते हो?

नागपुरी– तोएँ का खोजत हिस?

हिन्दी– आप (आदर+प्यार) क्या चाहते है?

नागपुरी– तोहरे का चाहत हा? (मात्र आदर) रउरे का खोजत ही।

हिन्दी– आप (सम्मानित व श्रद्धा) क्या खोजते है?

नागपुरी– अपने का खोजत हैं?

हिन्दी– मैं खाना/पीना/सोना चाहता हूँ।

नागपुरी– मोएँ खाएक/पिएक/सुतेक खोजत हों।

हिन्दी– मैं आराम करना चाहता हूँ।

नागपुरी– मोएँ सुसताएक खोजत हों।

हिन्दी– मेरा एक अनुरोध हैं।

नागपुरी– मोर एगो बिनती आहे।

हिन्दी– मैं शहर/नगर/गाँव देखना चाहता हूँ।

नागपुरी– मोएँ सहर/नगर/गाँव देखेक खोजत हों।

हिन्दी– मैं सिनेमा/बगीचा/जंगल/नदी/पर्वत देखने जाना चाहता हूँ।

नागपुरी– मोएँ सिनेमा/बगइचा/बन/नदी/पहार देखेक जाएक चाहत हों।

हिन्दी– मैं गाँव के मुखिया/सरपंच/प्रमुख से मिलना चाहता हूँ।

नागपुरी– मोएँ गाँव कर मुखिया/सरपंच/प्रमुख से भेटाएक खोजत हों।

हिन्दी– मैं स्मृति–चिन्ह के लिए कुछ खरीदना चाहता हूँ।

नागपुरी– मोएँ इयादगारी ले कोनो चिनहा किनेक खोजत हों।

हिन्दी– मैं आप से परिचित होना चाहता हूँ।

नागपुरी– मोएँ रउरे से जान–चिनहार होएक खोजत हों।

हिन्दी— मैं अखरा में मांदर बजाना चाहता हूँ।

नागपुरी— मोएँ अखरा में मांदर बजाएक चाहत हों।

हिन्दी— मैं डमकच नाचना/गाना चाहता हूँ।

नागपुरी— मोएँ डमकच खेलेक/गाएक चाहत हों।

हिन्दी— मुझे मर्दानी झूमर नाचना सिखाएँगे?

नागपुरी— मोके मरदानी झूमइर खेलेके सीखाब?

हिन्दी— मैं पावस/उदासी(राग विशेष) गीत जानना चाहता हूँ।

नागपुरी— मोएँ पावस/उदासी गीत जानेक चाहत हों।

हिन्दी— हमलोग पेरवाँ घाघ (जलप्रपात का नाम) पिकनिक मनाने जाना चाहते हैं।

नागपुरी— हामरे मन पेरवाँ घाघ पिकनिक मनाएक जाएक चाहत ही।

हिन्दी— हमलोग बाघधारा (जंगल का नाम) जंगल घुमने जाना चाहते हैं।

नागपुरी— हामरे मन बाघधारा बन बुलेक जाएक खोजत ही।

हिन्दी— हमलोग तुम्हारे माता–पिता से मिलना चाहते हैं।

नागपुरी— हामरे मन तोहरे कर आयो–आबा से भेंट करेक खोजत ही।

हिन्दी— हमलोग आप के भाई–बहन से मिल चुके हैं।

नागपुरी— हामरे मन रउर भाई–बहिन से भेटाए ले ही।

हिन्दी— मैं आप का बगान देखना चाहता हूँ।

नागपुरी— मोएँ रउरे कर बारी देखेक खोजत हो।

हिन्दी— आप मेरे लिए एक फगुआ गीत गा दें।

नागपुरी— रउरे मोर ले एगो फगुआ गीत गाए देउ।

हन्दी— मेरे सोने का प्रबन्ध कर दीजिए।

नागपुरी— मोर सुतेक कर सराजाम कइर देउ।

हिन्दी— मैं महादेव मण्डप में प्रणाम कर लेना चाहूँगा।

नागपुरी— मोएँ महादेव मँड़ा में गोड़ लाइग लेक चाहमूँ।

हिन्दी– क्या मैं इस छोटे कुएँ का पानी पी सकता हूँ?

नागपुरी– का मोएँ चुआँ / डाड़ी कर पानी पी सकोंना?

हिन्दी– नहीं उसका पानी गंदला है।

नागपुरी– निहीं उकर पानी बोड़ा आहे।

हिन्दी– इस तालाब में क्या हमें मछली मारने देंगे?

नागपुरी– का ई पोखइर में हामरे के मछरी मारेक देबैं?

हिन्दी– उस तालाब में क्या मैं तैर सकता हूँ?

नागपुरी– का मोएँ ऊ पोखरा में पोंगइर सकोन।

हिन्दी– आप बहुत याद आएँगे!

नागपुरी– रउरे बहुत इयाइद आवब!

• • •

10. आमंत्रण–निमंत्रण प्रसंग / नेवताक बात

हिन्दी– अंदर आइये।

नागपुरी– भीतरे आउ / भीतरे ढुकू।

हिन्दी– बैठ जाइये।

नागपुरी– बइठू।

हिन्दी– इस कुर्सी / मचिया / खटिया / चटाई / पीढ़ा पर बैठिए

नागपुरी – ई कुरसी / माची / खाटी / पटिया / पीरहा में बइठू।

हिन्दी– हाथ, पाँव धो लीजिए।

नागपुरी– गोड़–हाथ धोवाए लेउ।

हिन्दी– भींगे कपड़े / कोट / धोती / कमीज खोल कर सूखने के लिए फैला दीजिए।

नागपुरी– भीजल लुंगी / कोट / धोती / झूला छोइर के सूखेक ले पसराए देउ।

हिन्दी– कुछ खाएँगे / पीएँगे?

नागपुरी– कोनो खाब / पियब?

हिन्दी– चाय पी सकता हूँ।

नागपुरी– **चाह पी सकोंना।**

हिन्दी– नाश्ता कर लूंगा।

नागपुरी– **नाश्ता/पइन पियाब कइर लेमू।**

हिन्दी– तम्बाकू/बीड़ी/सिगरेट/लीजिए।

नागपुरी– **तामखू/ बीड़ी/सिगरेट लेउ।**

हिन्दी– मेरे पास आइए।

नागपुरी– **मोर ठिन आउ।**

हिन्दी– उनके पास जाइए।

नागपुरी– **उनकर ठिन जाउ।**

हिन्दी– यहाँ आने पर मुझसे मिलना न भूलिए।

नागपुरी– **हिंआ आले मोर से भेंट करेक ना बिसराब।**

हिन्दी– आज के ही दिन मेरे यहाँ खाने पर आइए।

नागपुरी– **आझुक दिन मोर हिंआ कलवा/बियारी ले आउ।**

हिन्दी– होली/सरहुल/मंडा/करमा में आप को आमंत्रित करते हैं।

नागपुरी– **फगुवा/सरहुल/मंडा/करम में रउरे के बिजे करत ही।**

हिन्दी– मेरे साथ घुमने चलिए।

नागपुरी– **मोर संगे बुलेक चलू।**

हिन्दी– पहाड़/नदी/जंगल की ओर घुमने चलेंगे?

नागपुरी– **पहार/नदी/बन दने बुलेक चलब?**

हिन्दी– बांध में तैरने चलेंगे?

नागपुरी– **बांध में पउँरेक चलब?**

हिन्दी– चलिए आज हॉकी/फुटबॉल/कबड्डी खेलने चलते हैं।

नागपुरी– **चलू आइझ फोदा/गेंदा/कबड्डी खेलेक चलत ही।**

हिन्दी– हमारे साथ अखरा में नाचना पसंद करेंगे?

नागपुरी– **हामरे मन संगे अखरा में खेलेक पसिंद करब?**

हिन्दी– मुझे आप का आमंत्रण मिला है।

नागपुरी– **मोके रउरे कर नेवता भेटा हे।**

हिन्दी– उस दिन मैं निमंत्रण में नहीं आ सकूंगा।

नागपुरी– **से दिन मोएँ नेवता में नी आएक पारमू।**

हिन्दी– क्योंकि मैं उस दिन खाली नहीं हूँ।

नागपुरी– **का ले कि मोएँ से दिन अजवाइर नखों चाहे का ले कि मोके से दिन अवसान नखे।**

हिन्दी– रथ मेला में आप सपरिवार आइए।

नागपुरी– **रथ जतरा में रउरे माँय छउवे आउ।**

हिन्दी– प्रसाद लेकर ही जाएँ।

नागपुरी– **परसादी लेइए के जाउ।**

हिन्दी– आप को पिता जी की मृत्यु का समाचार नहीं दे सका।

नागपुरी– **रउरे के बाप कर नोकसान होल कर खबर देक नी पारलों।**

हिन्दी– बेटे के विवाह का निमंत्रण भेज रहा हूँ। कृपया जरूर आवें।

नागपुरी– **बेटाक बिहा कर नेवता भेजत हों जुनजुना आबैं।**

हिन्दी– हमारे चाचा के यहां मत जाइये।

नागपुरी– **मोर पितिया हिंजा ना जाउ।**

हिन्दी– सम्पर्क बनाए रखिएगा।

नागपुरी– **आते–जाते रहब।**

हिन्दी– आप का निमंत्रण मुझे नहीं मिला है।

नागपुरी– **मोके रउर नेवता नी भेटा हे।**

• • •

11. सहमति और पुष्टि प्रसंग

हिन्दी– मैं आप की बातों से सहमत हूँ।

नागपुरी– **मोएँ रउर बात से राजी हों।**

हिन्दी– मुझे इस पर कोई एतराज नहीं है।

नागपुरी– **मोके इकर में कोनों उजुर नखे।**

हिन्दी– हाँ मैं निश्चित रूप से आप के यहाँ आऊँगा।

नागपुरी– **हँ मोएँ जूनजूना रउर हिंजा आमू।**

हिन्दी— बहुत अच्छा कहा आप ने।
नागपुरी— बड़ा नगद कहली रउरे।
हिन्दी— आज की बैठक में आप भी आएँगे।
नागपुरी— आइझ कर बइठकी में रउरोहों आवब।
हिन्दी— बहुत अच्छा।
नागपुरी— बड़ा बेस तब।
हिन्दी— बड़ा ही शानदार रहा आज का कार्यक्रम।
नागपुरी— अइत शानदार रहे आइझ कर कार्यक्रम।
हिन्दी— आप मुझे एक दिन के लिए बैलगाड़ी देंगे?
नागपुरी— रउरे एक दिन ले गरुगाड़ी/सगड़ देब?
हिन्दी— खुशी से।
नागपुरी— खुशी से ले जाब।
हिन्दी— हाँ यह बात तो बिल्कुल सत्य है।
नागपुरी— हँ ई बात तो सुपटे सचे आहे।
हिन्दी— आप बिल्कुल सही कह रहे हैं।
नागपुरी— रउरे एकदम सुपट कहत ही।
हिन्दी— क्या आज जगन्नाथ को गाँव वालों ने मार दिया?
नागपुरी— का आइझ जगन्नाथ के गँवइया मन माइर देलैं?
हिन्दी— निःसंदेह।
नागपुरी— सही में/सुपट में
हिन्दी— हमें आप पर पूरा विश्वास है।
नागपुरी— हामरे के रउर उपर पूरा भरोसा आहे।
हिन्दी— क्या आप समाज के लिए कुछ करना चाहते हैं?
नागपुरी— का रउरे समाज लगिन कोनो करेक चाहत ही?
हिन्दी— क्यों नहीं।
नागपुरी— का ले निहीं।
हिन्दी— क्या आप उसे उधार देंगे?
नागपुरी— का रउरे उके पइँचा देब?

हिन्दी— बिल्कुल दूंगा?

नागपुरी— एकदम देमू।

हिन्दी— नहीं, मैं उसे कभी नहीं दे सकता।

नागपुरी— निहीं मोएँ उके कहियो नी दे सकोना।

हिन्दी— क्या आप अपनी बेटी हमारे बेटे के लिए देंगे?

नागपुरी— का रउरे आपन बेटी हामर बेटा ले देब?

हिन्दी— क्यों नहीं देंगे?

नागपुरी— का ले नी देब।

हिन्दी— आप के यहाँ बेटी देना मेरा सौभाग्य होगा।

नागपुरी— रउर हिंञा बेटी देक मोर सोभाइग होइ।

हिन्दी— क्या आप लोग मेरी धान रोपनी में सहयोग देंगे?

नागपुरी— का रउरे मन मोर धान रोपनी में मदइत देब?

हिन्दी— सहयोग देना तो हमारी परम्परा है।

नागपुरी— मदइत करेक तो हामरे मनक रीत हेके।

हिन्दी— मैं आप से मित्रता करना चाहता हूँ।

नागपुरी— मोएँ रउरे संग सहिया जोराएक खोजत हों?

हिन्दी— धन्य भाग्य मेरे, जो आप मेरे सहिया बनेंगे!

नागपुरी— धइन भाइग मोर, जे रउरे मोर सहिया बनब।

हिन्दी— इस बात पर मैं साथ हूँ।

नागपुरी— ई बात में मोएँ रउर संगे आहों।

हिन्दी— क्या मैं आप के बागीचे का पका आम खा सकता हूँ?

नागपुरी— का मोएँ रउर बगइचा कर पाकल अम्बा के खाए सकोना?

हिन्दी— बड़े शौक से।

नागपुरी— बहुत सवक से खाए सकिल।

हिन्दी— हमलोग आप का मकान / बगान देखना चाहते हैं।

नागपुरी— हामरे मन रउरे कर घर / बारी देखेक चाहत ही।

हिन्दी— देख लीजिए!

नागपुरी— देइख लेउ।

हिन्दी– किसी दिन देख लीजिएगा!

नागपुरी– कोनो दिन देइख लेब।

• • •

12. इन्कार प्रसंग

हिन्दी– क्या आप चाय/कॉफी/हँड़िया लेंगे?

नागपुरी– का रउरे चाह/कोफी/हाँड़ी पियब?

हिन्दी– नहीं मैं नहीं चाहता।

नागपुरी– निहीं मोएँ नी लागों।

हिन्दी– नहीं, धन्यवाद।

नागपुरी– निही, धन्यवाद।

हिन्दी– मुझे बहुत दुख है, पर मैं इन्कार करने को मजबूर हूँ।

नागपुरी– मोके बड़ा दुख आहे कि मोएँ रउर बात के मंजूर नी करत हों।

हिन्दी– दुर्भाग्य से मैं बहुत व्यस्त हूँ।

नागपुरी– दुरभाइग से मोएँ बहुत कामे बाझल आहों।

हिन्दी– दुर्भाग्य से मैं आप का कहा पूरा नहीं कर सकता।

नागपुरी– दुरभाइग से मोएँ रउर कहल के पूरा नी कइर सकोन।

हिन्दी– आप गलत कह रहे हैं।

नागपुरी – रउरे गलती कहत ही।

हिन्दी– मैं आप से सहमत नहीं हूँ।

नागपुरी– मोएँ रउरे से सहमत नखों।

हिन्दी– मैं इसका विरोधी हूँ।

नागपुरी– मोएँ इकर विरोधी हों।

हिन्दी– मैं इससे इन्कार कहता हूँ।

नागपुरी– मोएँ इके नामंजूर करत हों।

हिन्दी– यह असभ्यता हैं।

नागपुरी– ई सभ्यता ना लागे।

हिन्दी– क्या आप मरदानी झूमर गा सकते है?

नागपुरी– का रउरे मरदानी झुमइर गाए सकिल?

हिन्दी– नहीं मैं केवल फगुआ गा सकता हूं।

नागपुरी– निहीं मोएँ खाली फगुआ गीत भइर गाए सकोन।

हिन्दी– क्या आप अंगनइ ताल बजा सकते है?

नागपुरी– का रउरे अंगनइ ताल बजाएक पारब?

हिन्दी– नहीं मैं मात्र डमकच ताल बजा सकता हूँ।

नागपुरी– निहीं मोएँ खाली डमकच ताल भइर बजाए सकोन।

हिन्दी– क्या आप लोग अखरा में उतर सकते है?

नागपुरी– का रउरे मन अखरा में उतइर सकिल?

हिन्दी– नहीं हमें बड़ी लज्जा आती है।

नागपुरी– निहीं, हामरे के बड़ा लाज लागेल।

हिन्दी– क्या मेरे वकील को यह कागज दे सकेंगे?

नागपुरी– का मोर ओकिल के ई कागज देक पारब?

हिन्दी– नहीं मैं उसे नहीं पहचानता तो कैसे दूंगा।

नागपुरी– निहीं मोएँ उके नी चिन्होंन तो का लखे देमू।

हिन्दी– आज कचहरी से मेरी तारीख लेते आइएगा।

नागपुरी– आइझ कचहरी ले मोर तारीख लेते आनब।

हिन्दी– मैं आज नहीं लौटूंगा। अतः आप का काम नहीं कर पाऊँगा।

नागपुरी– मोएँ आइझ नी घुरमू। से रउर काम नी करेक पारमू।

हिन्दी– क्या हमारे पैसे को बैंक में जमा कर देंगे?

नागपुरी– का रउरे हामरेक कचिया के बेंक में जमा कइर देब?

हिन्दी– नहीं मैं बैंक में पैसा जमा करना नहीं जानता।

नागपुरी– निही मोएँ बेंक में कचिया जमा करेक नी जानों।

हिन्दी– शहर से मेरे लिए बीज ला दीजिएगा।

नागपुरी– सहर ले मोर ले बिहीन लाइन देब।

हिन्दी– मेरा शहर में अनेक काम है। अतः मैं नहीं ला सकता।

नागपुरी– मोर सहर में अइत काम आहे। से मोएँ नी लाइन सकोन।

हिन्दी– मेरे लिए पीटर शांति नवरंगी का व्याकरण ला देंगे?

नागपुरी– मोर लाइ पीटर शांति नवरंगी कर व्याकरण लाइन देब?

हिन्दी– नहीं। पुस्तक समाप्त हो गई है।

नागपुरी– निही, किताबे सिराए जाए हे।

• • •

13. खेद एवं संवेदना

हिन्दी– आप बीमार हैं यह जानकर मुझे बहुत दुख हुआ।

नागपुरी– रउरे बेराम आही ई जाइन के मोके बड़ा दुख भेलक।

हिन्दी– आप की दादी नहीं रही यह सुन कर हमें बहुत तकलीफ हुई।

नागपुरी– रउरे कर आजी सिराए गेलैं ई सुइन के हामरे के अइत तपलीफ होलक।

हिन्दी– मुझे खेद है कि मैं आप का काम न कर सका।

नागपुरी– मोके दुख आहे कि मोएँ रउर काम के नी करेक पारलों।

हिन्दी– दुर्भाग्य से मैं उस दिन नहीं था और यह घटना घट गई।

नागपुरी– दुरभाइग से मोएँ से दिन नी रहों आउर ई अकलक होए गेलक।

हिन्दी– तुम्हें घर से निकाल दिया गया इसका मुझे हार्दिक दुःख है।

नागपुरी– तोके घर ले निसकाए देलैं इकर ले मोके दिल में दुख पोहँचलक।

हिन्दी– हमलोग आजकल बहुत मुसीबत में हैं।

नागपुरी– हामरे मन आइझ–काइल अइत मोसीबत में आही।

हिन्दी– आप का पुआल का ढेर जल गया।

नागपुरी– रउरे कर पोरा गाँज डुँड़इक गेलक।

हिन्दी– हम अपनी सहानुभूति व्यक्त करना चाहते हैं।

नागपुरी– हामरे आपन सहानुभूति परगट करेक खोजत ही।

हिन्दी– आप को मैं उधार नहीं दे सकता इसका मुझे अफसोस है।

नागपुरी– रउरे के मोएँ पइँचा नी दे सकोन इकर ले मोके अपसोच आहे।

हिन्दी– तुम आजकल बहुत दुखी लग रहे हो।

नागपुरी– तोएँ आइझ काइल बहुत दुखी लागत हिस।

हिन्दी– तुम्हें बंदी में कल पुलिस मार दी हमें इसका बड़ा रोष हैं।

नागपुरी– तोके बंदी दिने काइल पुलिस मन माइर देलैं, हामरे के इकर ले अइत खीस लाइग हे।

हिन्दी– रोज–रोज की बंदी से वे तंग आ गए हैं।

नागपुरी – रोज–रोज कर बंदी से उमन अनसाए जा हैं।

हिन्दी– बंदी के दिन मजदूरों को बैठे देख कर हमें बहुत कष्ट होता है।

नागपुरी– बंदी दिना कमिया मन के बइसल देइख के हामरे के अनइत तपलीक होएल।

हिन्दी– गाँवों में डाक्टर के बिना लोग मर जाते हैं। यह जान कर हमें बड़ी पीड़ा होती है।

नागपुरी– गाँवे डाकटर बिगुर अदमी मन मइर जाएँन। ई जाइन के हामरे के अजगुत दुख होएल।

हिन्दी– पिता के मरने से अधिक तकलीफ मां के मरने पर बच्चों को होती हैं।

नागपुरी– बापक मरइन से बगरा दुख माँय कर मोरले छउवा मन के होएल।

हिन्दी– कल के हॉकी खेल में हमारा गाँव हार गया तो हमलोगों को बहुत दुःख होगा।

नागपुरी– काउल कर फोदा खेलेक में हामर गाँव हाइर गेलक हले हामरे मन के अइत दुख होइ।

हिन्दी– दुखी मत हो हम तुम्हारे साथ हैं।

नागपुरी– दुखी मइत होवा हामरे तोहरे संगे आही।

• • •

14. बधाई / मंगल कामना

हिन्दी– मैं आप को जन्म दिवस के अवसर पर बधाई देता हूँ।

नागपुरी– **मोएँ रउरेके जनम दिन ले बधाई देत हों।**

हिन्दी– हमलोग आप लोगों को नए साल के अवसर पर बधाई देते हैं।

नागपुरी– **हामरे मन रउरे मन के नवाँ साल ले बधाई देत ही।**

हिन्दी– तुम उसे उसके विवाह दिवस पर बधाई दे आना।

नागपुरी– **तोएँ उके उकर बिहा दिन ले बधाई दे आबे।**

हिन्दी– मेरी सफलता पर मेरे मित्रों ने बधाई संदेश भेजा हैं।

नागपुरी– **मोर पास होएक चलते मोर संगी मन बधाई संदेश भेइज हैं।**

हिन्दी– आप के विवाह पर आपके शिक्षक ने मंगल कामना भेजी है।

नागपुरी– **रउर बिहा ले आपनेक गुरुजी शुभ कामना भेइज हैं।**

हिन्दी– प्रथम पुत्र के जन्म पर आप को बधाई।

नागपुरी– **पहिल बेटाक जनम ले रउरे के बधाई।**

हिन्दी– तुम्हारे बेटे की नौकरी प्राप्ति के लिए मेरी मंगल कामना।

नागपुरी– **तोहरेक बेटा कर नोकरी मिलेक ले मोर दने से शुभ कामना।**

हिन्दी– मैं हमारी मित्रता के लिए फूल का प्रस्ताव करता हूँ।

नागपुरी– **मोएँ सहिया बनेक ले फूल भेंट करत हों।**

हिन्दी– आज से हम साहिया बन गए। यह रिश्ता हमेशा कायम रहे।

नागपुरी– **आइझ ले हामरे सहिया बइन गेली। ई नाता बराबइर ले बनल रहोक।**

हिन्दी– आप के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ।

नागपुरी– **रउरे झटे के बेस होए जाउ, एहे मोर कामना आहे।**

हिन्दी– तुम सदा सुखी रहो, यही मेरी कामना हैं।

नागपुरी– **तोएँ जिनगी भइर सुखी रह, एहे मोर कामना आहे।**

हिन्दी– मैं कामना करता हूँ कि आप को हर काम में सफलता मिले।

नागपुरी– **मोएँ कामना करत हों कि रउरे के हर काम–सफल**

होओक।

हिन्दी– हम कामना करते है कि आप का अभियान सफल हो।

नागपुरी– हामरे कामना करत ही कि रउरे कर काम सफल होओक।

हिन्दी– मेरी कामना है कि तुम्हें अच्छा पति पत्नी मिले।

नागपुरी– मोर कामना आहे कि तोके बेस गोमके (पति) घरनी मिलोक।

हिन्दी– तुम्हें इस बार बेटी हो, यही मेरी मंगल कामना है।

नागपुरी– तोके अबकिर बेटी होओक, एहे मोर शुभ कामना आहे।

हिन्दी– आप की यात्रा मंगलमय हो।

नागपुरी– रउर यात्रा शुभ होक।

हिन्दी– तुम्हारा नया मकान आनन्द प्रदान करे।

नागपुरी– तोर नवाँ घर सुख देओक।

हिन्दी– आप की मेहनत जरूर फल लाएगी।

नागपुरी– तोहरे कर मेहनइत जरूर फर धरी।

हिन्दी– करमा / सरहुल / दिवाली की बधाई।

नागपुरी– करम / सरहुल / सोहरइ ले बधाई।

हिन्दी– तुम्हारा प्रशिक्षण आराम से गुजर जाए।

नागपुरी– तोर ट्रेनिंग नगद से गुदइर जाओक।

हिन्दी– तुम लोगों को बड़ों का आर्शीवाद जरूर लगेगा।

नागपुरी– तोहरे मन के बड़ मनक आसीस जरूर ठेकी।

हिन्दी– आप का कृषि–कर्म फलदायी हो।

नागपुरी– रउरे कर खेती- -बारी लाभ देओक।

हिन्दी– नागपुरी संगीत की धूम मच जाए।

नागपुरी– नागपुरिया गीत मन से बदरी फाटेक लागोक।

हिन्दी– एक दिन तुम बहुत बड़े गायक बनोगे।

नागपुरी– एक रोज तोएँ बड़े जबर गायनाहा बनबे।

हिन्दी– तुम्हारी पुस्तक घर–घर लोकप्रिय होगी।

नागपुरी– तोर किताब घरे–घर डाँव–डाँव होए जाइ।

हिन्दी— नगर में शांति बनी रहे, यही कामना हैं।

नागपुरी— सहर में सांति बनल रहोक, एहे कामना आहे।

हिन्दी— कोई किसी का दिल न दुखाए, मिल कर रहें।

नागपुरी— केउ केकरो दिल के दुख ना देवैं, मिल मेइस के रहैं।

• • •

15. मौसम / ऋतु

हिन्दी— आज का मौसम कैसा है?

नागपुरी— आइझ कर मोसम कइसन आहे?

हिन्दी— आज का मौसम बहुत सुहाना है।

नागपुरी— आइझ कर मोसम तो बड़ा नगद आहे।

हिन्दी— आज का मौसम अच्छा नहीं हैं।

नागपुरी— आइझ कर मोसम बेस नखे।

हिन्दी— कल बड़ी गरमी थी।

नागपुरी— काइल बहुत गरम रहे।

हिन्दी— कल बिल्कुल गरमी नहीं थी।

नागपुरी— काइल एकदमे गरम नी रहे।

हिन्दी— कल तेज हवा चलेगी।

नागपुरी— काउल जोर कर धुका धुकी।

हिन्दी— कल दिन भर धूल उड़ती रही।

नागपुरी— काइल भइर दिन धूरा उड़त रहलक।

हिन्दी— आज बड़े—बड़े ओले गिरे।

नागपुरी— आइझ बड़बड़ पखल—पानी गिरलक।

हिन्दी— कल छोटा था पर घना था।

नागपुरी— काइल छोट रहे पहें घन रहे।

हिन्दी— खूँटी में इस वर्ष वर्षा बिल्कुल नहीं हुई।

नागपुरी— खूँटी में एसों बरखा एकदमें नी भेलक।

हिन्दी— राँची में थोड़ी बहुत वर्षा हो रही है।

नागपुरी– **राँची में तनि–मनि बरखा होत हे।**

हिन्दी– आज वर्षा होती तो थोड़ी राहत मिलती।

नागपुरी– **आइझ बरखा होतक हले तनिक जीव के बेस बुझातक।**

हिन्दी– आज बड़ी धूप है।

नागपुरी– **आइझ कड़कड़उवा रउद आहे।**

हिन्दी– कल सिमडेगा में कितनी गर्मी थी।

नागपुरी– **काइल सिमडेगा में कतना गरम रहे।**

हिन्दी– आज का तापमान कितना है?

नागपुरी– **आइझ कर तापक नाप कतना आहे?**

हिन्दी– इस साल 46 डिग्री गर्मी राँची में हो गई थी।

नागपुरी– **एसों 46 डिग्री गरमी राँची में होए जाए रहे।**

हिन्दी– पिछले वर्ष अच्छी वर्षा हुई थी।

नागपुरी– **पउर साल बेस बरखा–पानी होए रहे।**

हिन्दी– हमलोग पिछले के पिछले वर्ष खूब जाड़ा झेले थे।

नागपुरी– **हामरे मन परियाइर साल बेस जाड़ खाए रही।**

हिन्दी– हमलोगों ने अपने देश में ऐसी गर्मी कभी अनुभव नहीं की।

नागपुरी– **हामरे मन आपन देसे इसन गरम कहियो नी गमेक पारली।**

हिन्दी– झारखण्ड में लोग हिमपात कभी नहीं देखे।

नागपुरी– **झारखण्ड में अदमीमन बरफ गिरेक कहियो नी देखलैं।**

हिन्दी– गुमला में परसो बबँडर खूब उठा।

नागपुरी– **गुमला ने परसू बोरंडो अइत उठलक।**

हिन्दी– मैंनें शिमला में इतनी हिम कभी नहीं देखी।

नागपुरी– **मोएँ शिमला में एतना बरफ कहियो नी देखलों।**

हिन्दी– कम वर्षा से गर्मी बढ़ जाती है।

नागपुरी– **थोर बरखा से गरम बइढ़ जाएल।**

हिन्दी– माघ महीने की घनी वर्षा बहुत खतरनाक होती हैं।

नागपुरी– **माघ ढुँढू बहुत खतरनाक होएल।**

हिन्दी– आज के ही दिन खूब वर्षा हुई थी।

नागपुरी– **आझुक दिन बहुत बरखा होए रहे।**

हिन्दी– तुम्हें जाड़ा पसंद है तो मुझे गर्मी।

नागपुरी– **तोके जाड़कला पसिंद आहे तो मोके गरमकला।**

हिन्दी– वर्षा के महिने में मेढ़क खूब टर्राते हैं।

नागपुरी– **बरिसकला में बेंग मन बहुत कादैंन।**

हिन्दी– रात्रि होते झींगुर शोर करने लगते हैं।

नागपुरी– **राइत होते झींगुर अंदोर करेक लागेन।**

हिन्दी– खेत और मैदान पानी से भर गए।

नागपुरी– **दोइन आउर डाँड़ पानी से टपाए गेलक।**

हिन्दी– गुंगू ओढ़ कर मजदूरनी रोपा रोपने लगीं। (गुंगू– पत्तों से बनी बरसाती)

नागपुरी– **गूंगू ओढ़ाए के बनिहार रोपा रोपेक लागलैं।**

हिन्दी– वर्षा के पहले गाँव वाले अपना सामान जुटा लेते हैं।

नागपुरी– **बरिसकला कर आगेहें गँवइया आपन समान जोगाड़ कइर लेवैंना।**

हिन्दी– जाड़े में काम खूब होता हैं।

नागपुरी– **जाड़कला में काम बगरा होएल।**

• • •

16. दिन, सप्ताह, मास, वर्ष एवं मौसम

हिन्दी– आज कौन सा दिन है?

नागपुरी– **आइझ कोन दिन हेके?**

हिन्दी– आज सोमवार / मंगलवार / बुधवार / बृहस्पतिवार / शुक्रवार / शनिवार / रविवार हैं।

नागपुरी– **आइझ सोमार / मंगर / बुध / विफे / सुक / सनिचर / एतवार हेके।**

हिन्दी– काम के दिन कौन से हैं?

नागपुरी– **काम कर कोन–कोन दिन हेके।**

हिन्दी– सोमवार से शनिवार काम के दिन हैं।

नागपुरी– **सोमार से सनिचर कामक दिन हेके।**

हिन्दी– छुट्टी का दिन कौन सा है? गुरुवार!

नागपुरी– **छुटीक दिन कोन दिन होलक? विफे!**

हिन्दी– चैत्र / वैशाख / जेठ / आषाढ / सावन / भादो / आश्विन / कार्तिक / अगहन / पूस / माघ / फाल्गुन महीने के नाम हैं।

नागपुरी– **चइत / बइसाख / जेठ / असार / सावन / भादो / कुवार आसिन / कातिक / अगहन / पूस / माघ / फागुन मइहनाक नाम हेके।**

हिन्दी– अंग्रेजी महीनों के नाम अंगरेजी की तरह ही हैं

नागपुरी– **अंगरेजी मइहनाक नाम अंगरेजीए तइर आहे।**

हिन्दी– ऋतु या मौसम को नागपुरी में क्या बोलते है?

नागपुरी– **रितु चाहे मोसम के नागपुरी में का कहेन?**

हिन्दी– इसे 'कला' कहते हैं, जइसे– जाड़ा गरमी, वर्षा,।

नागपुरी– **इके कला कहेन, जइसन कि जाड़कला, कला गरम बरिसकला।**

हिन्दी– तुम्हें रोज पैसा मिलता है या सप्ताह में?

नागपुरी– **तोके रोजे कचिया भेटाएल कि हफतवारी?**

हिन्दी– मुझे हर आठ दिन पर पैसा मिलता हैं।

नागपुरी– **मोके अठवारी कचिया भेटाएला।**

हिन्दी– आज के ही दिन हमें फुर्सत रहती हैं।

नागपुरी– **आझुक दिन हामरे के अवसान रहेला।**

हिन्दी– जो जिस दिन जन्म लेता है उसका उसी दिन के नाम पर नाम रखा जाता है।

नागपुरी– **जे, जे दिन जनम लेल उकर नाँव सेहे दिन कर नाँव से नाँव धराएल।**

हिन्दी– जैसे– नागपुरी में सोमरा, मंगरा, बुधवा, बिरसी, सुकरी सनिचरवा, एतवारी।

नागपुरी– **जइसन–सोमरा, मंगरा, बुधवा, बिरसा, सुकरा, सनिचरवा (सइनका) एतवा।**

हिन्दी– लड़कियों का नाम भी ऐसा ही होता है क्या?

नागपुरी– छोंड़ी मनक नाँवों इसने होएल का?

हिन्दी– महीनों के नाम पर भी तो लोगों के नाम रखे जाते हैं।

नागपुरी– मइहनाव कर नाँवों से अदमीमनक नाँव राखल जाएल। (जैसे–जइसन) चइतू, बिसू, जेठू, सावना, (साँवनी) भादो, कुवारी, कारतिक, अघनू, पुसो, मेघू, फागू(फगनी)

हिन्दी– छुट्टी के दिन तुम क्या करते हो?

नागपुरी– छुट्टी दिन तोएँ का करिस?

हिन्दी– रविवार को मैं हल चलाता हूँ।

नागपुरी– एतवार के मोएँ हर जोतोन।

हिन्दी– हर शनिवार मैं घर चला जाता हूँ।

नागपुरी– सनिचर–सनिचर मोएँ घर चइल जाओंन।

हिन्दी– वर्ष भर में तुम कितना बचा लेते हो?

नागपुरी– सालिना तोएँ कतना बचाए लेइस?

हिन्दी– साल भर में मैं सौ मन धान उपजा लेता हूँ।

हिन्दी— ठीक है, यह भी बनेगा पर हमें तो अभी चाहिए।

नागपुरी— **नगदे आहे, एहो बनी, पहें हामरे के तो एखने चाही।**

हिन्दी— आप स्टील की चेन उसकी जगह ले सकते हैं।

नागपुरी— **रउरे स्टील कर चेन उकर बदिल ले सकिल।**

हिन्दी— तब आप उसे ही दे दीजिए।

नागपुरी— **तब रउरे उखें दे देउ।**

हिन्दी— हमारे यहाँ हर रंग, आकार और प्रकार के बटन लेने के लिए जरूर आएँ।

नागपुरी— **हामर हिञा संभे रंग–ढंग आउर किसिम कर बटन लेक तेहें जुनजुना आउ।**

• • •

50. बिजली के सामान

हिन्दी– क्या आप टार्च रखते हैं?

नागपुरी– का रउरे टोरोच राखिला?

हिन्दी– बिल्कुल, हमारे यहाँ बिजली के हर छोटे–बड़े सामान मिल जाएँगे।

नागपुरी– एकदम, हामर हिआ बिजली कर सभे छोट–बड़ समान मन भेटाए जाइ।

हिन्दी– मुझे एक चार्ज करने वाला टॉर्च दीजिए।

नागपुरी– मोके चार्ज करेक आवला टोरोच देउ।

हिन्दी– वह, स्वचालित बिजली का आयरन कितने का है?

नागपुरी – ऊ ओटोमेटिक बिजली कर आयरन कतना कर हेके?

हिन्दी– बिजली के उस्तुरे रखना अच्छा रहेगा न?

नागपुरी– बिजलीक अस्तुरा राखेक बेस रही जुन?

हिन्दी– ज्यादातर लोग आज कल इसी का प्रयोग कर रहे हैं।

नागपुरी– बगरा मन आइझ–काइल इकरे से काम करत हैं।

हिन्दी– भैकुम कलीनर तो काफी मँहगे दाम में आएगा न?

नागपुरी– हवा फेचका तो बेसी मँहरंग दाम में भेटाइ नि?

हिन्दी– आजकल घर की सफाई के लिए इससे अच्छा उपकरण नहीं है।

नागपुरी– आइझ–काइल घरक सफाइ तेहें इकर ले बेस जिनीस नखे।

हिन्दी– यह बिजली की केतली है न? लेकिन बहुत बड़ा है।

नागपुरी– ई बिजलीक डेकची जुन हेके नि? पहें डबले बड़ आहे।

हिन्दी– ये फर्श पालिशनर भी आप रखते है?

नागपुरी– ई पक्का चमकउवा रउरे रखिल?

हिन्दी– हाँ हाँ आजकल सबकुछ रखना पड़ता है।

नागपुरी– हँ हँ आइझ–काइल सभे कुछ राखेक होएल।

हिन्दी– क्या पता लोग क्या मांग बैठें।

नागपुरी– **का जाइन अदमीमन का माँइंग देबैं।**

हिन्दी– कपड़े धोने का मशीन अच्छा काम करता है क्या?

नागपुरी– **लुगा धोवा मसीन बेस काम करेल का?**

हिन्दी– इतना अच्छा तो आप की नौकरानी भी नहीं धो सकेगी।

नागपुरी– **एतना बेस तो रउर धंगरिनों नी धोएक पारी।**

हिन्दी– धोने और सुखाने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी इससे।

नागपुरी– **काचेक आउर सुखाएक फिकिर नी करेक पड़ी इकर से।**

हिन्दी– तब तो यह बहुत ही उपयोगी होगा।

नागपुरी– **तब तो ई अइते लाभगर होइ।**

हिन्दी– यह किस प्रकार काम करता है?

नागपुरी– **ई का लखे काम करेल?**

हिन्दी– इसमें सब लिखा हुआ है।

नागपुरी– **इकर में सभे लिखल आहे।**

हिन्दी– यह रेफ्रीजेरेटर कितनी बिजली–शक्ति का है।

नागपुरी– **ई रेफ्रीजेटेर कतना बिजली–पावर कर हेके?**

हिन्दी– इस गर्मी में हम पंखा या कूलर लें।

नागपुरी– **ई गरमकला में हामरे पंखा लेब कि कूलर (ठंढा करवा)?**

हिन्दी– अब तो एयर कंडिशनर आप लगा सकते हैं।

नागपुरी– **आब तो रउरे एयर कंडिशनर लगाए सकिल।**

हिन्दी– नहीं यह हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होगा।

नागपुरी– **निहीं ई हामरेक बेस जिनगी ले नगद नी होइ।**

हिन्दी– कमरे का हिटर लगा देना खतरे को आमंत्रित करना होगा।

नागपुरी– **कोठरी गरमकरवा लगाए देक खतरा के नेवतेक होइ।**

हिन्दी– नहीं नहीं, ऐसा आप कैसे सोचते है?

नागपुरी– **निहीं निहीं, इसन रउरे का लखे सोचिला?**

हिन्दी– यह एक दम सुरक्षित है।

नागपुरी– **ई एकदम सँचल आहे।**

हिन्दी– टयूब लाईट बहुत जल्दी खराब हो जाता है।

नागपुरी– **मरकरी बाती एकदमें झटे के बगइड़ जाएल।**
हिन्दी– इससे बिजली की खपत कम होती है।
नागपुरी– **इकर से बिजली कर खरचा कम होएल।**
हिन्दी– बिजली के किसी भी सामान के लिए जरूर आवे।
नागपुरी– **बिजली कर कोनवे समान लगिन जुनजुना आउ।**

• • •

51. फर्नीचर दुकान पर

हिन्दी– झारखण्डी फर्नीचर की दुकान ले चलोगे?
नागपुरी– **झारखण्डी फर्नीचर दोकान ले चलबे?**
हिन्दी– ये दुकान कहाँ पर है?
नागपुरी– **ई दोकान कोन ठिन आहे?**
हिन्दी– ये है आप के नया टोली पत्थल कुदुवा में मुंशी जी के घर के बगल में।
नागपुरी– **ई आहे, रउरे कर, नवा टोली पखल कुदवा में मुंशी जी कर घर जापा में।**
हिन्दी– यहाँ हमें क्या–क्या मिल सकता है?
नागपुरी– **हिञा हामरे के का का भेटाए सकेल?**
हिन्दी– क्या आधुनिक पलंग बनते हैं वहाँ?–
नागपुरी– **का हुँवा आइझ–काइल कर पलंग बनेल?**
हिन्दी– हाँ हाँ क्यों नहीं।
नागपुरी– **हँ, हँ, का ले निही।**
हिन्दी– वहाँ खटिया, पटिया, तो होगा ही?
नागपुरी– **हुँआ खाटी, पटिया, तो होबे करी?**
हिन्दी– पटिया क्या होता है?
नागपुरी– **पटिया का होएल?**
हिन्दी– पटिया आप चटाई को कह सकते हैं।
नागपुरी– **पटिया रउरे चटाई के कइह सकिल।**
हिन्दी– वहाँ तब तो मचिया भी बिकता होगा?

नागपुरी– **हुँआ तब तो मचियाव बेचात होइ**
हिन्दी– खूब जितना चाहें ले सकते हैं।
नागपुरी– **खउब, जतना खोजिला ले सकिला।**
हिन्दी– बेंत की बनी कुर्सियां सुंदर और टिकाउ होती हैं?
नागपुरी– **बेंतक बनल कुरसी मन सुंदर आउर टिकाउ होएल?**
हिन्दी– आपकी उम्मीद से कहीं अधिक।
नागपुरी– **रउरे कर उम्मीद से कहों बगरा।**
हिन्दी– पूरा दीवान अच्छी लकड़ी के बनते है वहाँ?
नागपुरी– **गोटे दीवान बेस काठ कर बनेल हुँवा?**
हिन्दी– आज–कल छोटे घरों में भी खूब जा रहा है दीवान।
नागपुरी– **आइझ–काइल छोटो घर मन में बेस जात हे दीवान।**
हिन्दी– दीवान रखने से बाहर के बहुत से सामान इसमें खप जाते हैं।
नागपुरी– **दीवान राखले बाहरे कर ढेइर सुन समान मन इकर में आँइट जाएल।**
हिन्दी– यह एक तरह से सोया हुआ आलमीरा ही है।
नागपुरी– **ई एक मधे, सुतल अलमारिए हेके।**
हिन्दी– लकड़ी की अलमारी से लोहे की चदरों के बने अच्छे होते हैं।
नागपुरी– **काठक अलमारी ले लोहाक चदरा से बनल बेस होएल।**
हिन्दी– मुझे खरादे हुए डिजाइन के पावों वाले खाट व कुर्सी चाहिए।
नागपुरी– **मोके कुंदल खाटी पावा आउर कुरसी चाही।**
हिन्दी– दीवार पर कपड़े टांगने की खूंटी तो बनेगी ही?
नागपुरी– **भीत में लुगा टंगना खूंटी तो बनबे जुन करी?**
हिन्दी– मुझे पुस्तकों को रखने के लिए आकर्षक रेक चाहिए।
नागपुरी– **मोके किताब मन के राखेक तेहें सुंदर रेक चाही।**
हिन्दी– हमें एक दर्जन पीढ़ा भी लेना है।
नागपुरी– **हामरे के दरजन भइर पीरहा चाही।**
हिन्दी– आप लोग बड़ा पसंद करेंगे या छोटा?
नागपुरी– **रउरे मन बड़ पसिंद करब कि छोट?**
हिन्दी– लकड़ी के बक्से प्रायः किस लकड़ी के बने होते हैं?

नागपुरी– **काठक बक्सा अकसरे कोन काठ कर बनल रहेल?**
हिन्दी– यह करम, तूंद, गम्हार की लकड़ी के बने रहते हैं।
नागपुरी– **ई करम, तूंद, गम्हाइर काठ कर बनल रहेल।**
हिन्दी– पहिये वाली ट्रॉली थोड़ी छोटी दिखाई पड़ रही है।
नागपुरी – **चक्का लागल टेबुल तनिक छोट दिसत हे।**
हिन्दी– तो आप को जितनी बड़ी चाहिए दिखा दूँ।
नागपुरी– **तो रउरे के जतना बड़ चाही देखाए देवँ।**
हिन्दी– ठीक है, तब उसी में से एक चुन लेंगे।
नागपुरी– **नगदे आहे तबे, उकरे में एक ठो के छाँइट लेब।**
हिन्दी– ऐनक लगा अलमारी देख नहीं रहा हूँ।
नागपुरी– **आयना लागल अलमारी देखत नखों।**
हिन्दी– है न! वह देखिए उस कोने पर।
नागपुरी– **आहे नि, ओ देखू ऊ कोना ने।**
हिन्दी– हाँ वह तो मेरे पसंद की लग रही है।
नागपुरी– **हँ ऊ तो मोर पसिंद कर लागत हे।**
हिन्दी– मैं कल आ कर ले जाऊँगा।
नागपुरी– **मोएँ काउल आए के ले जामू।**

• • •

52. खेल—कूद के सामान

हिन्दी— नागपुरी समाज में भी दो प्रकार के खेल होते हैं।

नागपुरी— नागपुरिया समाजो में दुइ रकम कर खेइल होएल।

हिन्दी— एक है बिना सामान के और दूसरा सामान के साथ।

नागपुरी— एगो बेगर समान कर आउर दूसर समान संगे।

हिन्दी— एक प्रकार के खेल घर के अन्दर होते हैं तो दूसरे घर से बाहर।

नागपुरी— एक बरन कर खेइल घर भीतरे होएल तो दूसर घरे ले बाहरे।

हिन्दी— कुछ खेल बच्चों के होते है तो कुछ युवा लड़के—लड़कियों के लिए, और कुछ बड़े—बूढ़ों के लिए।

नागपुरी— कुछ खेइल छउवा मन ले होएल तो कुछ जवान छोंड़ा—छोंड़ी मन ले आउर कुछ बड़—बूढ़ा मन ले।

हिन्दी— खेलों में हॉकी, गेंद, कबड्डी, गुली—डंडा, तैराकी, दौड़, आदि भी सम्मिलित हैं।

नागपुरी— खेइल मन मधे फोदा, गेंदा, कबड्डी, बिती, पोंगरेक, कुदेक मन हों मेसल आहे।

हिन्दी— कुछ खेल मौसम के आधार पर खेले जाते हैं।

नागपुरी— कुछ खेइल मन मोसम मोताबिक खेलल जाएल।

हिन्दी— गर्मी में तैराकी, चाल गोटी, रैंचा, हॉकी इत्यादि खेलते हैं।

नागपुरी— गरमकला में पोंगरेक, चाइल गोटी, रैचा, फोदा मन खेलल जाएल।

हिन्दी— बरसात में, हादापोटा, गुपचवैल, गेंद, छलकउवा आदि खेला जाता है।

नागपुरी— बरिसकला में हादापोटा, गबचवइल, गेंदा, छलकउवा, मन खेलल जाएल।

हिन्दी— जाड़े में कबड्डी, छूर चिकनिया, उल्हा आदि खूब खेला जाता है।

नागपुरी — जाड़कला में कबड्डी, छूर, चिकनिया, उल्हा मन खउब खेलल जाएल।

हिन्दी– आजकल तीरंदाजी के खेल भी खूब प्रचलित हो गए हैं।

नागपुरी– आइझ–काइल तीरंदाजी खेइलो बेसे चइल जा हे।

हिन्दी– डोलपाती, पीटो, गोली, चोर–सिपाही को बच्चे खूब पसंद करते हैं।

नागपुरी– डोलपतइ, पीटो, आँटा, चोर–सिपाही भन छउवा मन बेस पतियाएँन।

हिन्दी– हमें एक पाँच नम्बर का गेंद लेने जाना है।

नागपुरी – हामरे के एकठो पाँच लंबर कर गेंदा लेक जाएक आहे।

हिन्दी– एक दर्जन हॉकी डण्डा भेज देंगे।

नागपुरी– एक दरजन फोदा सोटा भेइज देब।

हिन्दी– अब पुराने पारंपरिक खेल समाप्त हो रहे हैं।

नागपुरी– आब पुरना चइल आवल खेइल मन खतम होत हे।

हिन्दी– इनके स्थान पर नए–नए खेल गाँवों में भी खेले जा रहे हैं।

नागपुरी– इमनक बदिल में नवाँ–नवाँ खेइल गाँवों मन में खेलल जात हे।

हिन्दी– क्रिकेट का पूरा सेट दिखा दीजिए।

नागपुरी– किरकेट कर पूरा समान देखाए देउ।

हिन्दी– वालीवॉल की गेंद और जाल भी दे ही दीजिए, हमारा पुराना जाल खराब हो गया है।

नागपुरी– भोली बोल कर गेंदा आउर जालो दे देउ, हामरे मनक पुरना जाल खराब होइ जाए हे।

हिन्दी– हमें एक रेसिंग साईकिल मंगवा दीजिए।

नागपुरी– हामरे के एगो रेसिंग साइकिल मंगुवाए देउ।

हिन्दी– टेनिस वॉल और रैकेट के साथ बैडमिंटन भी ला दीजिए।

नागपुरी– टेनिस गेंदा आउर राकेट कर संगे बेडमिंटनों लाइन देब।

हिन्दी– यह बैट बहुत बड़ा और भारी है।

नागपुरी– ई बेट ढेइर बड़ आउर भारी आहे।

हिन्दी— मैं खेलने में काम आने वाले पैंट, गंजी तथा जूते भी खरीदूंगा।

नागपुरी— मोएँ खेइल में काम आएल से पेंट, गंजी आउर जूताव किनमू।

हिन्दी— एक अच्छा सा शिकारी बंदूक थोड़ा दिखा दीजिए।

नागपुरी— बेस सुन शिकारी बंदूक तनिक देखाए देउ।

हिन्दी— अंगरेजो के गोल्फ, बिलियर्ड आदि बहुत महंगे खेल हैं।

नागपुरी— अंगरेज मनक गोल्फ, बिलियर्ड मन ढेइर महरंग खेइल हेके।

हिन्दी— यहाँ खेल के सभी समान रखे हुए हैं।

नागपुरी— हिआ खेइल कर सभे समान मन राखल आहे।

हिन्दी— खेलना, पढ़ने से कम आवश्यक नहीं है।

नागपुरी— खेलेक, पढ़ेक ले कम दरकार नखे।

हिन्दी— खेलों के सामान रहने पर ही हम खेल सकते हैं।

नागपुरी— खेइल मनक समान मन राखले हें हामरे खेइल सकिला।

• • •

53. बरतन के सामान

हिन्दी— हम लोग दो प्रकार के बरतन का प्रयोग करते हैं।

नागपुरी— हामरे मन दुइ रकम कर बरतन काम में लानिल।

हिन्दी— एक मिट्टी के और दूसरे धातु के बरतन बनते हैं।

नागपुरी— एकठो माटी कर आउर दूसर कासा, पीतर आउर ताम्बा मनक बरतन बनेल।

हिन्दी— मिट्टी के बर्तन कुम्हार बनाते हैं।

नागपुरी— माटी कर बरतन मन कुम्हार मन बनाएँन।

हिन्दी— धातु के बरतन ठठेरा—कसेरा लोग बनाते हैं।

नागपुरी— धातुक बरतन ठठेरा—कसेरा मन बनाएँन।

हिन्दी— मिट्टी के बरतन में हण्डी, तवा, चुक्का, गिलास, घड़ा, ताई आदि बनाए जाते है।

नागपुरी— माटी कर बरतन मधे चेरू, तावा, चुका, गिलास, गगरी,

कुँड़ा (बड़ा घड़ा) ताइ मन बनाल जाएल।

हिन्दी– मिट्टी के बरतन सस्ते पर कम टिकाउ होते हैं।

नागपुरी– माटी कर बरतन सस्ता मुदा नी टिकता होएल।

हिन्दी– धातु के बरतन महंगे परन्तु, टिकाउ होते हैं।

नागपुरी– धातुक बरतन महरंग मुदा टिकाउ होएल।

हिन्दी– अलमुनियम के बरतन हल्के मजबूत और टिकाउ होते हैं।

नागपुरी– सिलवइर कर बरतन हलुक मजगूत आउरे टिकाउ होएल।

हिन्दी– काँसे के बर्तन भारी मजबूत और टिकाउ होते ही हैं।

नागपुरी– कासाक बरतन बोझ मजबूत आउर टिकाउ होबहें घरेल।

हिन्दी– स्टील के बरतन आजकल सबसे अधिक चल रहे हैं।

नागपुरी– इस्टील कर बरतन आइझ–काइल सउबले बगरा चलत हे।

हिन्दी– ताम्बे के बने बरतन भी प्रचलित हैं।

नागपुरी– ताम्बाक बनल बरतनो चलल आहे।

हिन्दी– चीनी मिट्टी के बर्तन खूबसूरत होते हैं।

नागपुरी– चीनी माटी कर बरतन अइत सुंदर होएल।

हिन्दी– इसे बहुत सम्भाल कर रखना पड़ता है।

नागपुरी– इके बहुते समराए के राखेक होएल।

हिन्दी– सोने–चाँदी के बरतन शौकिन लोग बनवाते हैं।

नागपुरी– सोना–चाँदी कर बरतन सउकिन मन बनुवाएँन।

हिन्दी– गरीबों के घर में बरतन का अभाव, पत्तल–दोने से पूरा करते हैं।

नागपुरी– गरीब मनक घरे बरतन कर कमी के पतरी दोना से पूरा करेन।

हिन्दी– काँच के बरतन बड़े नाजुक होते हैं।

नागपुरी– काँचक बरतन अइत नरजोरवा होएल।

हिन्दी– मिट्टी के घड़े व सुराही की माँग गरमी में बढ़ जाती है।

नागपुरी– माटीक गगरी आउर सुराहीक माँग गरमकला में बइढ

जाएल।

हिन्दी— इसमें रखा जल मनपसंद शीतल होता है।

नागपुरी— **इकर में राखल पानी मनपंसिंद कनकन होएल।**

हिन्दी— फ्रिज का पानी अत्यधिक ठण्ढा रहता है।

नागपुरी— **फ्रिज कर पानी अइते कनकन रहेल।**

हिन्दी— कुम्हार और ठठेरा का ग्रामोद्योग बंद हो रहा है।

नागपुरी— **कुम्हार आउर ठठेरा कर गाँवक काम धंधा बंद होत हे।**

हिन्दी— इनकी जगह मशीनों से बने बरतन अधिक प्रयोग होने लगे हैं।

नागपुरी— **इमनक ठाँवे मसीन मन से बनल बरतन मन बगरा चलेक लाइग हे।**

हिन्दी— अलमुनियम के बरतन हानिकारक बतलाए जाते हैं।

नागपुरी— **सिलवइरक बरतन नोकसान पोहँचाएल से बताल जाएल।**

हिन्दी— प्लास्टिक के बरतनों का भरपूर उपयोग हो रहा है।

नागपुरी— **प्लास्टिक कर बरतन मनक पुरकस काम आवत हे।**

हिन्दी— प्लास्टिक का प्रयोग प्रदूषण फैलाता है।

नागपुरी— **प्लास्टिक के काम आनले प्रदूषण पसरेल।**

हिन्दी— इसका व्यवहार करने से बचना चाहिए।

नागपुरी— **इके काम लानेक से बाँचेक चाही।**

हिन्दी— तरह—तरह के बरतन हमारे घर की शोभा भी बढ़ाते है।

नागपुरी— **रकम—रकम कर बरतन हामरे मनक घरक शोभाव के बढ़ाएल।**

• • •

54. फोटो के सामान

हिन्दी– मुझे एक कैमरे की आवश्यकता है।

नागपुरी– मोके एकठो केमरा कर दरकार आहे।

हिन्दी– आप किस प्रकार का कैमरा लेना पसंद करेंगें?

नागपुरी– रउरे कोन रकम कर केमरा लेक पसिंदाब?

हिन्दी– हमें शक्तिशाली लेंस वाला कैमरा चाहिए?

नागपुरी– हामरे के बगरा पावर वाला लेंस कर केमरा चाही।

हिन्दी– यह स्वचालित कैमरा है।

नागपुरी– ई ओटोमेटिक केमरा हेके।

हिन्दी– अब रंगीन फोटो, श्वेत–श्याम फोटो से सस्ता होता है।

नागपुरी– आब रंगीन फोटो चरका–करिया फोटो ले सस्ता होएल।

हिन्दी– उस रील का क्या मूल्य होगा?

नागपुरी– ऊ रील कर का दाम होइ?

हिन्दी– इस रील से आप किसी भी मौसम में फोटो ले सकते है।

नागपुरी– ई रील से रउरे कोनवे मोसम में फोटो ले सकिला।

हिन्दी– इस में तस्वीर बड़ी खूबसूरत आती है।

नागपुरी– इकर में फोटो अनइत सुंदर आएल।

हिन्दी– उस तस्वीर को मेरे लिए सबसे बड़े आकार में बना दीजिएगा।

नागपुरी– ई फोटो के मोर ले सउबले बड़ में बनाए देब।

हिन्दी– इन रीलों को समय देख कर एकेक प्रति निकालना न भूलेंगे।

नागपुरी– ई रील मन के समय देइख के एकेक ठो निकलाएक ना बिसरब।

हिन्दी– इसका पासपोर्ट साइज के दस कोपी बना देंगे।

नागपुरी– इकर पासपोट आकार कर दस ठो बनाए देब।

हिन्दी– कैमरे में दो फ्लैस बैटरी लगा दीजिएगा।

नागपुरी– केमरा में दूइ ठो फलेस बेटरी लगाए देबा।

हिन्दी– उनका जूम कैमरा है।

नागपुरी– उनकर जूम केमरा आहे।

हिन्दी– सस्ते कैमरे से तस्वीरे उतनी अच्छी नहीं आती।

नागपुरी– **सस्ता केमरा से फोटो ओतना बेस नी आएल।**

• • •

55. वाद्यवृंद / बाजा–गाजा मन

हिन्दी– मनोरंजन का सबसे पहला साधन वाद्यवृंद है।

नागपुरी– **मनसुख कर सउबले पहिल जिनीस बाजा हेके।**

हिन्दी– आरंभ से ही तरह–तरह के बाजे बनाये तथा बजाये जाते रहे हैं।

नागपुरी– **सुरूवे ले रकम–रकम कर बाजा मन बनाल आउर बजाल जात हे।**

हिन्दी– झारखण्ड को इस दृष्टि से माँदर देश भी कहा जाता है।

नागपुरी– **झारखण्ड के ई नजइर से माँदर देसो कहल जाएल।**

हिन्दी– यहाँ हर जाति–समुदाय के अपने–अपने ढंग के माँदर हैं।

नागपुरी– **हिआ सभे जाइत–पाइत कर आपन–आपन ढंग कर माँदर आहे।**

हिन्दी– जैसे– जशपुरिया माँदर, उराँव माँदर, खड़िया माँदर, मुची माँदर, हो माँदर, संताली माँदर, थेचकी माँदर आदि।

नागपुरी– **जइसन.................(यथावत) मन।**

हिन्दी– झारखण्ड का पहला वाद्य नगाड़ा और उसके बाद बाँसुरी को बताया जाता है।

नागपुरी– **झारखण्ड कर पहिल बाजा नगेरा आउर तले बँसरी के बताल जाएल।**

हिन्दी– प्रायः झारखण्ड के अधिकांश वाद्य तीव्र स्वर वाले हैं जैसे–नगाड़ा, ढाँक, ढोल, नरसिंघा, शहनाई, तुरही आदि।

नागपुरी– **लगभग झारखण्ड कर बगरा बाजा मन जोर बाजेक वाला आहे, जइसन– नगेरा, ढाँक, ढोलकी नरसिंघा, शहनइ, भेइर मन।**

हिन्दी– मधुर ध्वनि के वाद्यों में बाँसुरी, मुरली, तिरियो, मोहनबाँसी,

बनम, केंदरा, टोहिला, सारंगी आदि आते हैं।

नागपुरी— **मधुर धुन कर बाजा मन मधे बँसरी, मुरली, तिरियो, मोहनबाँसी, बनम, केंदरा, टोहिला, सारंगी मन आएल।**

हिन्दी— यहाँ रात भर लोग अखरा में नाचते, गाते और बजाते हैं।

नागपुरी— **हिआ राइत भइर अदमीमन अखरा में नाचेन, गाएँन आउर बजाएँन।**

हिन्दी— तीव्र वाद्यों के बजने से जंगल के खतरनाक जानवर गाँव की ओर नहीं आते थे।

नागपुरी— **तेज बाजा कर बाजेक से बनक भयानक पसु मन गाँव दने नी आत रहैं।**

हिन्दी— स्त्रियाँ प्रायः बाजा नहीं बजाती हैं झारखण्ड में।

नागपुरी— **जनी मन लगभग बाजा नी बजाएँन झारखण्ड में।**

हिन्दी— चरवाहे बच्चों के हाथ में यहाँ लाठी के बदले बाँसुरी होती है।

नागपुरी— **चरवाहा छउवा मनक हाँथे हिआ ठेंगा बदिल बँसरी होएल।**

हिन्दी— छोटानागपुर में सभी घरों में माँदर टंगे होते थे।

नागपुरी— **छोटानागपुर में सभे घरे माँदर टाँगल रहत रहे।**

हिन्दी— पालकोट राजा के यहाँ विशाल नगाड़ा है।

नागपुरी— **पाइलकोट राजा हिआ बड़े जबर नगेरा धमसा आहे।**

हिन्दी— छः लोगों द्वारा ढोया जाने वाला नगाड़ा यही है।

नागपुरी— **छव झनक बोहल जाएक वाला नगेरा एहे हेके।**

हिन्दी— बेलवादाग गाँव में विशाल नगाड़ा अब नहीं है।

नागपुरी— **बेलवादाग गाँव में बड़े जबर नगेरा आब नखे।**

हिन्दी— यह जशपुरिया माँदर नहीं है।

नागपुरी— **ई जशपुरिया माँदर ना लागे।**

हिन्दी— टोहिला बजाने वाले अब नहीं मिलते।

नागपुरी— **टोहिला बजइया आब नी भेटाएँन।**

हिन्दी— केंदरा तो अब छिप ही गया।

नागपुरी— **केंदरा तो आब लुकिए गेलक।**

हिन्दी— यहाँ के वाद्य कई कई लोगों से बनाये जाते हैं।

नागपुरी— **हिञा कर बाजामन काय—काय झन से बनाल जाएल।**

हिन्दी— कुम्हार माँदर का खोल बनाता है, मोची चमड़ा बना देता है, रंगरेज उसे रंग देता है, महली उस पर खरन लेप करता है नायक उसे बजा देता हैं।

नागपुरी— **कुम्हार माँदर कर खोल बनाएल, मोची चाम बनाए देल, रंगरेज उके रंइग देल, महली उकर में खरन लगाए देल नायक मन उके बजाए देन।**

• • •

56. स्टेशनरी

हिन्दी— आप की बहुत बड़ी स्टेशनरी की दुकान है।

नागपुरी— **रउरे कर ढेइर बड़ स्टेशनरी कर दोकान आहे।**

हिन्दी— मुझे एक जिस्ता सफेद और दो जिस्ता लाइन कागज चाहिए।

नागपुरी— **मोके एक जिस्ता चरका आउर दुइ जिस्ता लकीर कागद चाही।**

हिन्दी— ड्राइंग सीट, कार्बन पेपर व सोखता कागज के क्या दर हैं?

नागपुरी— **फोटो बनाएक कागद, कार्बन कागद आउर सोखता कागद कर का दाम आहे?**

हिन्दी— हमें एक फोटो एलबम दिखाइए।

नागपुरी— **हामरे के एकठो फोटो एलबम देखाउ।**

हिन्दी— नहीं, यह तो बहुत पुराना है, हमें नये ढंग का दिखाइये।

नागपुरी— **निहीं ई तो अइत पुरना हेके, हामरे के नवाँ ढंग कर देखाउ।**

हिन्दी— कलम, पेन्सिल, रबड़ एक—एक पैकेट पैक कर देंगे।

नागपुरी— **कलम, पेनसुल, रबर एकेक पाकिट बाइंध देउ।**

हिन्दी— उनको टाइपराइटर का फीता चाहिए।

नागपुरी— **उनके टाइपमिशीन कर फीता चाही।**

हिन्दी– उस पेंटिंग बॉक्स का क्या मूल्य है।

नागपुरी– ऊ फोटो रंगेक डिब्बा कर का दाम आहे?

हिन्दी– चित्र बनाने के पेंसिल का डब्बा आपने हमें दिया नहीं।

नागपुरी– फोटो बनाएक पेनसुल कर डिब्बा रउरे हामरे के देली निहीं।

हिन्दी– कोई अच्छी सी छोटी पॉकेट डायरी दिखाना चाहते थे न।

नागपुरी– कोनो बेस ले छोटे कुन पॉकेट डायरी देखाएक खोजत रही नि।

हिन्दी– यही नोट बुक तो मैं चाह रहा था।

नागपुरी– एहे नोटबुक तो मोएँ खोजत रहों।

हिन्दी– इसे आप मुझे दे ही दीजिए।

नागपुरी– इके रउरे मोके देइए देउ।

हिन्दी– रंगीन पेन्सिल जो आप के यहाँ से ले गया था बहुत कमजोर निकला।

नागपुरी– रंग पेंनसुल जे रउरे हिआ से लेइज रहों अइत नरजोरवा निसकलक।

हिन्दी– एक मोटी रोकड़ बही चाहिए थी हमें।

नागपुरी– एकठो मोटले हिसाब–किताब बही चाही रहे हामरे के।

हिन्दी– स्याही मिटाने के लिए कुछ है?

नागपुरी– सियाही मेटाएक ले कोनो आहे?

हिन्दी– है क्यों नहीं।

नागपुरी– आहे का ले निहीं।

हिन्दी– ये लाल, हरी, नीली और काली स्याही बहुत अच्छी है।

नागपुरी– ई लाल, हरिहर, लील आउर करिया सियाही अइते बेस आहे।

हिन्दी– कार्यालयों के लिए इनकी माँग खूब रहती है।

नागपुरी– ओफिस तेहें इमनक मांग बगरा रहेल।

हिन्दी– आप उधार देंगे तो, इन वस्तुओं को?

नागपुरी– **रउरे उधार देब जून, इमन के?**

हिन्दी– आप लिफाफा बनवाते हैं या बना बनाया रखते है?

नागपुरी– **रउरे लिफाफा बनुवाइल कि बनल बनाल राखिल?**

हिन्दी– हमारा एक कुटीर उद्योग है, वही ये सब चीजे बनती हैं।

नागपुरी– **हामरेक एगो कुटीर उद्योग आहे, हुएँ ऊ सउब चीज मन बनेल।**

हिन्दी– इंस्ट्रूमेंट बॉक्स खूब अच्छा सा उनको दे दीजिए।

नागपुरी– **परकार डिब्बा बेस नगद सन उनके दे देउ।**

हिन्दी– बीस फाइल भी दे दीजिए।

नागपुरी– **एक कोरी फाइलों दे देउ।**

हिन्दी– गोंद की एक बड़ी बोतल भी दे दीजिएगा।

नागपुरी– **लासा कर एगो बड़ बोतोलो दे देब।**

हिन्दी– स्ट्रेपलर बड़ा चाहिए।

नागपुरी– **पीन मारक बड़ चाही।**

हिन्दी– इन सभी समानों को पैक कर खूँटी भेज देंगे।

नागपुरी– **ई सउब जिनीस के बंधुवाए के खूँटी भेइज देब।**

हिन्दी– आप निश्चिंत रहे स्टेशनरी के सामान के लिए कोई शिकायत नहीं होगी।

नागपुरी– **रउरे निचुत रहू, स्टेशनरी कर समान खातिर कोनो शिकायत नी होइ।**

• • •

57. आभूषण / गहना–गुरिया

हिन्दी– झारखण्ड में किन–किन आभूषणों का प्रयोग करते हैं?

नागपुरी– **झारखण्ड में कोन–कोन गहना गुरिया पिंधैंना?**

हिन्दी– यहाँ के लोग भी आभूषणों के शौकीन होते हैं।

नागपुरी– **हिआव कर मन गहना मनक सवकिया होएँन।**

हिन्दी– विशेष कर महिलाओं को आभूषण अतिप्रिय होते हैं।

नागपुरी – **खास कइर के जनाना मन के गहना अइत पसिंद होएल।**

हिन्दी– सिर पर सिक्के जड़े हुए हेयर पीन देखते बनते हैं।

नागपुरी – मुँड़ में सिक्का (चौवनी अठन्नी रूपिया) जड़ुवाल खोंगसो देखते बनेल।

हिन्दी– चाँदी के तरह तरह के क्लीप चमकते नजर आते है बालों पर।

नागपुरी– रकम–रकम कर चाँदीक किलिप केंस में लवकते नजइर आएल।

हिन्दी– कानों पर कर्णफूल, तरपत, बाली, सोने, ताड़ पत्ते, चाँदी के बने रहते है।

नागपुरी– कान में करंजफूल, तरपत, झुमका, सोना, तारपतइ, चाँदी कर बनल रहेल।

हिन्दी– तरपत ताड़ के पत्तों को लपेट कर बनाते हैं, उसमें ऐनक तथा रंबबिरंगे फुदना झुलते रहते हैं।

नागपुरी– तरपत तार कर पतइ के लेपइट के बनाएँन, इकर में आयना आऊर रिंगचिंगिया फुदना मन झूलते रहेल।

हिन्दी– नाक में बेसर/बुलॉक शोभित होते हैं।

नागपुरी– नाके छुछी/बुलॉक सोभेल।

हिन्दी– गले में हँसली, कंठा, चेन, चंद्रहार मूंगामाला आदि डालते हैं।

नागपुरी– घेंचा ने हँसली, कंठा, सिकरी, चंद्रहार, मूंगा माला मन पिंधेन।

हिन्दी– बांहों में बाजूबंद होते हैं जो चाँदी के पोले होते हैं।

नागपुरी– बाँइह में टाड़ होएल जे चाँदी कर पोला होएल।

हिन्दी– हाथों पर कंगन, बाला, चूड़ियाँ, लहँठी आदि पहनते हैं।

नागपुरी– हाँथ में कंगना, बाला, चूरी, लहँठी मन पिंधेन।

हिन्दी– अंगुलियों पर अँगुठी शोभा पाती है।

नागपुरी– अंगरी मन में अंगठी सोभेल।

हिन्दी– पैरों पर की पॉजेब, पँयरी व पायल की कलात्मकता अति सुन्दर होती है।

नागपुरी– गोड़क पायजेब, पँयरी, पायल कर डिजाइन बहुत सुंदर होएल।

हिन्दी– पैरों की अंगुलियों में झुटिया व बिछिया होते हैं।

नागपुरी– गोड़क अंगरी मन में झुटिया आउर बिछिया होएल।

हिन्दी– अधिकांश आभूषण सोने, चाँदी, ताम्बा, पीतल, गिलट के बनते हैं।

नागपुरी– बगरा गहना मन सोना, चाँदी, ताम्बा, पीतर, गिलट कर बनेल।

हिन्दी– गहनों में फूलों, पत्तों का भी प्रयोग होता है।

नागपुरी– गहना मन मधे फूल–पतइयों मन के पिंधेन।

हिन्दी– औरतें अपने जूड़े में फूलों को लगाती हैं।

नागपुरी– जनाना मन आपन खोपा मन में फूल मन के खोंसेन।

हिन्दी– इनके अतिरिक्त ये गोदना से भी पूरे शरीर को अलंकृत करती हैं।

नागपुरी – इके छोइड़ के इमन खोदाव से गोटे गतर के सिंगार करेन।

हिन्दी– गले, वक्ष के ऊपर, बाँह, हाथ व पैरों पर तरह–तरह की आकृतियों का गोदना गुदवाया जाता है।

नागपुरी– घेंचा, छाती कर उपरे, बाँइह, हाँथ आउर गोड़ मन में रकम–रकम कर फूल मन के खोदा खोदुवाएँन।

हिन्दी– ये महिलाओं के स्थायी श्रृंगार माने जाते हैं।

नागपुरी– इमन जनाना मनक सउब दिनक सिंगार मानल जाएल।

हिन्दी– ये गोदना मरने तक साथ रहते हैं शेष तो लुट जाते हैं।

नागपुरी– ई खोदा मन मरत तक ले संगे रहेल, बाकी तो लुटाए जाएल।

हिन्दी– गोदना की भयानक पीड़ा औरतें सहज ही सह लेती हैं।

नागपुरी– खोदा खोदुवाएक कर भयानक बाथा के जनाना मन अलगठे सइह लेन।

हिन्दी– आभूषण इन महिलाओं का मात्र श्रृंगार नहीं उनकी बचत भी है।

नागपुरी– गहना मन ई जनाना मनक खाली सिंगार–पतार भइर ना लागे, उमनक बचतो हेके।

हिन्दी– जो समय पर काम आते हैं।

नागपुरी– जे समय में काम आएल।

• • •

58. इत्र, तेल, साबुन आदि

हिन्दी– झारखण्डी आदिवासी–सदान सिर के बाल धोने के लिए चिकनी मिट्टी लगाते हैं।

नागपुरी– झारखण्डी आदिवासी –सदान मन मुँड़क केंस मिसेक ले मुँड़ मिसनी माटी लगाएँन।

हिन्दी– यह मुलतानी मिट्टी की तरह काम करता है।

नागपुरी– ई मुलतानी माटी तइर काम करेल।

हिन्दी– इससे बाल मुलायम चिकने और हल्के हो जाते हैं।

नागपुरी– इकर से केंस मोलाइम, चिकन आउर हलुक होए जाएल।

हिन्दी– सिर धोने वाली मिट्टी से रूसी नहीं होती और न जल्दी बाल पकते हैं न झड़ते हैं।

नागपुरी– मुँड़ मिसनी माटी से रूसी नी होएल आउर ना झट के केंस पाकेल ना झरेल।

हिन्दी– मिट्टी से हमेशा धोने से बाल काले, चमकदार और मजबूत होते हैं।

नागपुरी– माटी से बराबइर धोले केंस करिया, चमकदार आउर मजगूत होएल।

हिन्दी– बालों पर लगाने के कई तेल निकाले जाते हैं, जैसे– सरसों, तिल, कुसुम आदि।

नागपुरी– केंस में लगाएक ले काय किसिम कर तेल पेरल जाएल, जइसन–करूवा, तिल, कुसुम मन।

हिन्दी– यहाँ तन पर मलने के लिए सरसों, करंज, नीम आदि के तेल भी उपयोग में लाए जाते है।

नागपुरी– हिआ गतर में मखाएक ले करूवा, करंज, नीम मनक तेलो काम में लानल जाएला।

हिन्दी– पैर फटने पर महुआ का तेल लगाया जाता है।

नागपुरी– गोड़ फाटले डोरी तेल लागल जाएल।

हिन्दी– खुजली घाव होने पर करंज अथवा नीम के तेल लगाए जाते हैं।

नागपुरी– खसू, घाव होले करंज चाहे नीम तेल लगाल जाएल।

हिन्दी– खाने के तेल में सरसों और गूंजा का मिला तेल निकालते है।

नागपुरी– खाएक तेल मधे करूवा आउर सुरगुजा कर पतकरूवा तेल पेरल जाएल।

हिन्दी– इत्र का प्रयोग यहाँ पहले कम होता था।

नागपुरी– तेल फुलेल लगाएक (इत्र) पहिले हिआ कम होत रहे।

हिन्दी– अब गाँवों में सुगंधित इत्र भी मिलने लगा है।

नागपुरी– आब गाँवों में धमधमउवा तेलो भेटाएक लाइग हे।

हिन्दी– कुजरी का तेल दवा के रूप में काम आता है।

नागपुरी– कुजरी कर तेल दवइ रूपे काम आएल।

हिन्दी– औरतें लिपिस्टिक लगाना पसंद नहीं करते यहाँ।

नागपुरी– जनीमन लिपिस्टीक लगाएक पसिंद नी करेन हिआ।

हिन्दी– नाखूनपालिश का प्रचलन अब जोरों पर है।

नागपुरी– नाँवह पोलिस कर चलन आब जोर धइर हे।

हिन्दी– बिन्दी टीका भी अब मिलने लगा है।

नागपुरी– बिनदुली टीकाव आब भेटाएक लाइग हे।

हिन्दी– पहले औरतें सिंदूर का टीका लगाती थीं।

नागपुरी– आगे बिहाल जनी मन सेंदूर कर टीका लगात रहैं।

हिन्दी– सिंदूर से मांग झिलमिलाती रहती थी।

नागपुरी– सेंदूर से माँग झिलमिलात रहत रहे।

हिन्दी– नयी माँग सिंदूर से भरी होती थी।

नागपुरी– नवाँ माँग सेंदूर से भरल रहत रहे।

हिन्दी– आँख में काजल शोभता रहता है।

नागपुरी– आँइखें काजर सोभत रहेल।

• • •

59. खिलौना / खेलौना

हिन्दी– झारखण्ड में खिलौने अपनी तरह के होते हैं।

नागपुरी– झारखण्ड में खेलौना मन आपन किसिम कर होएल।

हिन्दी– छोटे बच्चों को लकड़ी के बने खिलौना देते हैं।

नागपुरी– छोट छउवा मन के काठ कर बनल ललौना देन।

हिन्दी– खराद कर बनाए लकड़ी के दोनों छोर पर गोला, ललौना होता है।

नागपुरी– कुंइद के बनाल काठ कर दुइयो एकाइर में गोल, ललौना होएल।

हिन्दी– बच्चों को झुनझुना खूब अच्छा लगता है।

नागपुरी– छउवा मन के झुनझुना बेस नगद लागेल।

हिन्दी– कुछ बड़े बच्चे भौंरा या लट्टू खेलते हैं।

नागपुरी– तनिक बड़ छउवा मन भाँवरा या लटू खेलेन।

हिन्दी– बेबी साईकिल के स्थान पर छोटे सगड़ होते थे।

नागपुरी– बेबी सइकिल कर बदिल छोटे जबर सगड़ होत रहे।

हिन्दी– छोटे बच्चों को बिठा कर बड़े बच्चे खिंचते रहते थे।

नागपुरी– छोट छउवा मन के बइठाए के बड़ छउवा मन खिंचत रहत रहैं।

हिन्दी– दौड़ने वाले बच्चे टायर के बने गाड़ी ले कर दौड़ते थे।

नागपुरी– कुदइया छउवा सउब टायर कर बनल गाड़ी ले के कुदत रहैं।

हिन्दी– कुछ लोग लोहे के छोटे पहिये पर तार फंसा कर दौड़ते हैं।

नागपुरी– केउ–केउ लोहा कर छोट चक्का में तार लगाए के कुदैंना।

हिन्दी– बच्चियाँ कपड़ों या लकड़ी की बनी पुतलियों से खेलती थीं।

नागपुरी– छोंड़ी छउवा मन लूगा चाहे काठ कर बनल पुतरी मन से खेलत रहैं।

हिन्दी– झारखण्डी बच्चों के खिलौने मिट्टी के घड़ों के टूटे खपड़े होते

थे।

नागपुरी— **झारखण्डी छउवामनक खेलौना माटीक गगरी कर खपटी मन होत रहे।**

हिन्दी— उस पर पुटुस के फल—फूल का चावल तथा सब्जी बनती थी।

नागपुरी— **उकर में पुटुस फर—फूल कर भात आउर तियन बनत रहे।**

हिन्दी— ईटा तथा खपड़े के घिसे पानी की दाल बनती थी।

नागपुरी— **ईटा आउर खपरा कर रगदल पानी कर दाइल बनत रहे।**

हिन्दी— बालू भरे रास्ते में बालू के घर बनाए जाते थे।

नागपुरी— **बाला भरल डहर में बाला कर घर बनाल जात रहे।**

हिन्दी— बालू की दीवार पर तिनकों का घेरा बनता था।

नागपुरी— **बाला कर पचरी में खइटकुल कर घोरना बनत रहे।**

हिन्दी— गोली इनका प्रिय खेल था।

नागपुरी— **आँटा—गोली इनकर सउबले बेस खेला रहे।**

हिन्दी— गोलियाँ चीनी मिट्टी, लोहे तथा लाह के बनाए जाते थे।

नागपुरी— **आँटा—गोली चीनी माटी, लोहा आउर लाह कर बनाल जात रहे।**

हिन्दी— लड़कों के हाथों का सबसे अच्छा खिलौना गुलेल था।

नागपुरी— **छोंड़ा मनक हाँथ कर सउबले बेस खेलौना गुलेल रहे।**

हिन्दी— बड़े लड़के तीर—धनुष का खिलौना पसंद करते थे।

नागपुरी— **बड़ छोंड़ा मन तीर—धनुख कर खेलौना पंसिदात रहैं।**

हिन्दी— लड़कियाँ छोटे—छोटे चुक्कों से खेलने में मस्त रहती थीं।

नागपुरी — **छोंड़ीमन छोट—छोट चुका मन से खेलेक में भेदाल रहत रहैं।**

हिन्दी— गेंद और खपड़ों के टुकड़ों से बड़ा खिलौना और क्या हो सकता था?

नागपुरी— **गेंदा आउर खपटी मन से बड़का खेलौना आउर का होए सकेत रहे।**

हिन्दी— कपड़े से बने गेंद की मार खाने में सबको मजा आता था।

नागपुरी– **लुगा से बनाल गेंदा कर माउर खाएक में सउबके मजा लागत रहे।**

हिन्दी– गुल्ली डंटा से कौन पीछे रहा?

नागपुरी– **बिती से के पाछे रहलक?**

हिन्दी– गोटी, इमली, डोरी, केंद के बीजों से चाल गोटी खेलना अच्छा लगता था।

नागपुरी– **गोटी, तेतइर, डोरी, केवंद कर मंजी से चाइल गोटी खोलेक बेस लागत रहे।**

हिन्दी– लड़कियां पत्थरों की गोटियाँ फेंक कर खेलती थीं।

नागपुरी– **छोंड़ी मन पखल कर लोका गोटी खेलत रहैं।**

हिन्दी– रस्सी कूदना इनका प्रिय खेल था।

नागपुरी– **डोरा डेंगवइल इनकर सउब ले बेस खेल रहे।**

• • •

60. हुक्का, तंबाकू और सिगरेट–बीड़ी

हिन्दी– झारखण्ड में भी धुमपान एवं तम्बाकू का सेवन होता है।

नागपुरी– **झारखण्डो में धुंगा पिएक आउर तामकू कर चलन आहे।**

हिन्दी– मेहमानों के आने पर लोग चूना–तामकू से स्वागत करते हैं।

नागपुरी– **गोतिया मनक आवल से चूना–तामकू से माइन करैंना।**

हिन्दी– महिलाएँ महिला अतिथि का सम्मान हुक्का–चिलम देकर करती थीं।

नागपुरी– **जनी मन जनाना गोतिया मनक माइन हुक्का–चिलम दे के करत रहैं।**

हिन्दी– सभा तथा बैठकों में लोग तम्बाकू के साथ बीड़ी–सिगरेट भी चलाते हैं।

नागपुरी– **सभा आउर बैठकी मन में तामकू कर संगे बीड़ी–सिकरेटो चलाएँन।**

हिन्दी– गाँवों के पुराने बूढ़े, साल पत्ती पर तम्बाकू लपेट कर चुटा पीते थे।

नागपुरी– **गाँव मनक पुरना बूढ़ा मन, सरइ पतइ में तामकू लेपइट के चुटा पियत रहैं।**

हिन्दी– हुक्का के अभाव में मात्र–चिलम से भी काम चलाया जाता था।

नागपुरी– **हुक्का नी रहले खाली चिलमों से भइर काम चलाल जात रहे।**

हिन्दी– चिलम में गुड़ाखू डाल कर अंगार भर दिया जाता था।

नागपुरी– **चिलम ने गुराखू देइ के आंगोर भइर देल जात रहे।**

हिन्दी– लोग चिलम के निचले भाग को दोनों हथेली में दबा कर धुँवा खीचते हैं।

नागपुरी– **अदमीमन चिलम हेंठे से दुइयो हाथ में खाइप के धुँगिया टानेन।**

हिन्दी– मुँह से धुम्र खींच कर अंदर ले जाते हैं और नाक तथा मुँह से धुँवा निकालते हैं।

नागपुरी– **मुँह बट ले धुँगा टाइन के भीतरे ले जाएँन आउर नाक, मुँह दने से धुंगिया निसकाएँन।**

हिन्दी– हुक्का–चिलम का प्रयोग अब समाप्ति पर है।

नागपुरी– **हुक्का–चिलम कर चलन आब निमरेक में आहे।**

हिन्दी– बीड़ी की चलन गरीबों में अधिक है।

नागपुरी– **बीड़ी कर चलन गरीब मन में बगरा आहे।**

हिन्दी– पैसे वाले बीड़ी के बदले सिगरेट पीते हैं।

नागपुरी– **कचियादार मन बीड़ी बदिल सिकरेट पिएँन।**

हिन्दी– देहाती शौकिन अपने कानो पर बीड़ी और कमर पर माचिस रखते हैं।

नागपुरी– **देहाती सवकिया मन आपन काने बीड़ी आउर डंड़ा में दीया सलाइ राखेन।**

हिन्दी– दोस्ती करने, समय काटने और आत्मीयता प्रदर्शित करने के लिए लोग बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू आदि का प्रयोग करते हैं।

नागपुरी– **दोस्ती करेक, बेरा बिताएक आउर अपनौती देखाएक लगिन अदमीमन बीड़ी, सिकरेट, तामकू मन देत रहैं।**

हिन्दी— बीड़ी, सिगरेट का सेवन सबसे अधिक होता है।

नागपुरी— बीड़ी सिकरेट कर चलन सउब ले बगरा होएल।

हिन्दी— चूना तम्बाकू का सेवन सबसे कम होता है।

नागपुरी— चूना तामूक कर चलन सउब से कम होएल।

हिन्दी— चूना—तम्बाकू रखने के लिए डिब्बा रखा जाता है।

नागपुरी— चूना—तामकू राखेक ले करांट राखल जाएल।

हिन्दी— तम्बाकू रखने के लिए डब्बा धातु, प्लास्टिक, लकड़ी, बाँस आदि का बनता है।

नागपुरी— तामूक राखेक ले करांट, धातु, प्लास्टिक, काठ, बाँस मन कर बनेल।

हिन्दी— इस डब्बे की बनावट देखते बनती है।

नागपुरी— ई करांट कर बनाल देखते बनेल।

हिन्दी— लकड़ी के गोलाकार, अंडाकार करांट बड़े सुंदर होते हैं।

नागपुरी— काठ कर गोल, अंडानियर बनल करांट बहुत सुंदर होएल।

हिन्दी— इसके मुख को धागों से या लकड़ी से बने ढ़कन से बंद करते हैं।

नागपुरी— इकर मुँह के सुता से चाहे काठ से बनल ठेपी से बंद करेन।

हिन्दी— तम्बाकू खा कर लोग यहाँ—वहाँ थूकते रहते हैं।

नागपुरी— तामकू खाए के अदमी मन हिआ हुँआ थूकते रहेन।

हिन्दी— ई बहुत गंदी आदत है।

नागपुरी— ई अइत घिनघिना हेवा हेके।

हिन्दी— तम्बाकू और धुम्रपान से कई भयानक बीमारी होती हैं।

नागपुरी— तामकू आउर धुंगा पिएक से कतना भयंकर बेमारी मन होएल।

हिन्दी— हमें इसके सेवन से बचना चाहिए।

नागपुरी— हामरे के इकर चलन से बाचेक चाही।

• • •

61. नागपुरी पुस्तकें

हिन्दी– मैं नागपुरी सीखना चाहता हूँ।

नागपुरी– मोएँ नागपुरी सीखेक खोजत हों।

हिन्दी– नागपुरी सीखने के लिए कौन सी पुस्तक उपयोगी होगी।

नागपुरी– नागपुरी सीखेक ले कोन किताब बेस होइ।

हिन्दी– अंगरेजी से नागपुरी सीखने के लिए ए सिम्पल सदानी ग्रामर है।

नागपुरी– अंगरेजी से नागपुरी सीखेक ले 'ए सिम्पल सदानी ग्रामर' आहे।

हिन्दी– हिन्दी में नागपुरिया सदानी बोली का व्याकरण पुस्तक अच्छी है।

नागपुरी– हिन्दी में 'नागपुरिया सदानी बोली का व्याकरण' किताब नगद आहे।

हिन्दी– दोनो पुस्तकें फा. पीटर शांति नवरंगी की लिखी हुई हैं।

नागपुरी– दुइयो किताब फा. पीटर शांति नवरंगी कर लिखल हेके।

हिन्दी– धनीराम बक्सी नागपुरी के बड़े लेखक रहे हैं।

नागपुरी– धनी राम बक्सी नागपुरी कर बड़का लेखक रइह हैं।

हिन्दी– इनकी गद्य–पद्य एवं नाटक की कई किताबें छपी हैं।

नागपुरी– इनकर गद, पद आउर नाटक कर काय ठो किताब मन छइप हे।

हिन्दी– घासी राम नागपुरी के लोकप्रिय कवि और गायक थे।

नागपुरी– घासी राम नागपुरी कर नाँव बाजल कवि आउर गायनाहा रहैं।

हिन्दी– इनकी 'नागपुरी फाग शतक' :नागवंशावली झूमर' आदि किताबें अब दुर्लभ पुस्तकें हो गई हैं।

नागपुरी– इनकर 'नागपुरी फाग शतक' 'नागवंशावली झूमर' किताब मन आब नी पावता किताब होए जाए हे।

हिन्दी– घासी राम नागपुरी के विद्यापति माने जाते हैं।

नागपुरी– घासी राम नागपुरी कर विद्यापति मानल जाएँन।

हिन्दी— रेव. सी. बुकाउट की नागपुरिया सदानी व्याकरण, शोध के उपरान्त लिखी पुस्तक है।

नागपुरी— रेव. सी. बुकाउट कर नागपुरिया सदानी व्याकरण, खोज करल बादे लिखल किताब हेके।

हिन्दी— सहनी उपेन्द्र पाल नहन की "नारद मोह लीला' नागपुरी की प्रथम गीति नाट्य् पुस्तक है।

नागपुरी— सहनी उपेन्द्र पाल नहन कर 'नारद मोह लीला' नागपुरी कर पहिल गीत—नाटक किताब हेके।

हिन्दी— योगेन्द्र नाथ तिवारी की पुस्तक 'नागपुरी भाषा का संक्षिप्त परिचय' की भूमिका डॉ. राम खेलावन पाण्डेय ने लिखी है।

नागपुरी— योगेन्द्र नाथ तिवारी कर किताब 'नागपुरी भाषा का संक्षिप्त परिचय' कर भूमिका डॉ. राम खेलावन पाण्डेय लिख हैं।

हिन्दी— यह भूमिका लम्बी और महत्वपूर्ण है, नागपुरी जानने के लिए।

नागपुरी— ई भूमिका लम्बा आउर मुध आहे नागपुरी जानेक तेहें।

हिन्दी— डॉ. केशरी की नागपुरी भाषा और साहित्य पुस्तक को कौन नहीं जानता?

नागपुरी— डॉ. केशरी कर 'नागपुरी भाषा और साहित्य' किताब के, के नी जानेल?

हिन्दी— 'सदानी रीडर' नवरंगी जी का लोक साहित्य की पुस्तक है।

नागपुरी— सदानी रीडर नवरंगी जी कर लोक साहित कर किताब हेके।

हिन्दी— नागपुरी में पाँच सौ छपपन पुराने कवियों की रचनाएँ मिलती हैं।

नागपुरी— नागपुरी में पाँच सय छप्पन पुरना कवि मनक रचना मन भेटाएल।

हिन्दी— नागपुरी में प्रायः सभी विधाओं की पुस्तकें उपलब्ध हैं।

नागपुरी— नागपुरी में लगभग सभे विधा मनक किताब मन पवाएल।

हिन्दी— रघुनाथ नृपति नागपुरी के पहले ज्ञात कवि हुए हैं।

नागपुरी— रघुनाथ नृपति (नागवंशी राजा) नागपुरी कर पहिल

जानल कवि हो हैं।

हिन्दी— नागपुरी में अनेक पत्रिकाएँ छपती रही हैं जैसे— झारखण्ड, जय झारखण्ड, अबुआ झारखण्ड, नागपुरी, आदिवासी, पझरा, संगम शंखनाद, डहर, कचनार, जोहार सहिया, गोतिया आदि।

नागपुरी— **नागपुरी में ढेइर पत्रिका मन छपते रइह हे जइसन... (उपरे देल)........मन।**

हिन्दी— नागपुरी पुरानी राज भाषा होते हुए भी उपेक्षित है।

नागपुरी— **नागपुरी पुरना राज भाषा होतोहों के फिटकाल आहे।**

हिन्दी— डॉ. गोस्वामी और डॉ. केशरी नागपुरी के पहले शोध कर्त्ता हैं।

नागपुरी— **डॉ. गोस्वामी आउर डॉ. केशरी नागपुरी कर पहिल शोध करइया हेकैं।**

हिन्दी— इनके नागपुरी शिष्ट साहित्य और नागपुरी गीतों में श्रृंगार रस पुस्तक लोक प्रिय हैं।

नागपुरी— **इमनक नागपुरी शिष्ट साहित्य और नागपुरी गीतों में श्रृंगार रस लोकप्रिय आहे।**

• • •

62. दवाखाना / दवइ दोकान

हिन्दी— दवाखाना कहाँ पर है?

नागपुरी— **दवइ दोकान कोन ठिन आहे?**

हिन्दी— क्या दवाखाने में डाक्टर भी बैठते हैं?

नागपुरी— **का दवइ दोकाने डाक्टरो मन बइठेन?**

हिन्दी— आजकल हर दवाखाने में डाक्टर होते हैं।

नागपुरी— **आइझ—काइल सभे दवइ दोकान में डाक्टर मन बइसेन।**

हिन्दी— पहले सरकारी सदर अस्पताल में डाक्टर दिन—रात बैठते थे।

नागपुरी— **पहले सरकारी सदर अस्पताल में डाक्टर मन दिन—राइत बइठत रहैं।**

हिन्दी— रोगी की बीमारी के अनुकूल चाय, नाश्ते, फल, दूध, भोजन आदि मिलते थे।

नागपुरी– **बेमराहा मन के बेमारी मोताबिक चाह, पइन पियाव, फल, दूध, कलवा बियारी भेटात रहे।**

हिन्दी– इलाज के लिए रोगी को कोई कीमत चुकानी नहीं पड़ती थी।

नागपुरी– **इलाज ले बेमराहा के कोनो दाम नी देक होत रहे।**

हिन्दी– अस्पताल गरीब–धनी के लिए अलग–अलग नहीं होते थे।

नागपुरी– **अस्पताल गरीब–धनी लगिन अलगे–अलगे नी होत रहे।**

हिन्दी– वह तो बीमार लोगों का प्राणदाता घर होता था।

नागपुरी– **ऊ तो बेमराहा मनक जीव देवइया घर होत रहे।**

हिन्दी– पर अब अस्पताल सेवा नहीं व्यवसाय हो गया है।

नागपुरी– **पहें आब अस्पताल सेवा निही बेपार होए जाए हे।**

हिन्दी– गली–गली में नरसिंग होम और दवाखाना खुलते जा रहे हैं।

नागपुरी– **खोइर–कोचा में अस्पताल आउर दवइ दोकान खुलते जात हे।**

हिन्दी– गरीब, पैसे के अभाव में न डॉक्टर की फीस दे पाता है न दवा खरीद सकता है।

नागपुरी– **गरीब, कचिया कर कमतलास चलते ना डाक्टर कर फीस देक पारेल ना दवइ किनेक सकेल।**

हिन्दी– आज गरीब का मरना ही इलाज हो गया है।

नागपुरी– **आइझ गरीब के मरकेहे इलाज होए जाए हे।**

हिन्दी– धनी अपनी चिकित्सा देश–विदेश कहीं भी करा लेते हैं।

नागपुरी– **धनगर आपन इलाज देस–परदेस कहों हल करूवाए लेन।**

हिन्दी– दवाखाना सदा निशुल्क सेवा होनी चाहिए।

नागपुरी– **दवइ दोकान बरावइर ले बेगर फीस कर सेवा होएक चाही।**

हिन्दी– इसके लिए घर पीछे चिकित्सा टैक्स लगे।

नागपुरी– **इकर ले घर पाछे इलाज कर मालगुजारी लागे।**

हिन्दी– जिस देश में चिकित्सा पैसे से मिलती है वहाँ देश–भक्ति का भाव जागृत नहीं हो पाता।

नागपुरी– **जे देश में इलाज कचिया से होएल हुँवा देस–प्रेम कर भाव नी जागेक पारेल।**

हिन्दी– आजकल पैसे कमाने के लिए नकली दवाओं का व्यापार फल–फूल रहा है।

नागपुरी– **आइझ–काइल कचिया कमाएक ले नकली दवइ मनक बेपार पसरत हे।**

हिन्दी– नकली दवा बनाने और बेचने वाले अदमी नहीं शैतान हैं।

नागपुरी– **नकली दवइ बनइया आउर बेचइया मन अदमी निहीं सैतान हेकैं।**

• • •

63. चश्मा

हिन्दी– मेरी आँखे आजकल कमजोर हो गई हैं।

नागपुरी– **मोर आँइख आइझ काइल धुंधुर होए जाए हे।**

हिन्दी– मुझे हर चीज धुँधली दिखाई पड़ती है।

नागपुरी– **मोके सभे जिनीस धुँधुर दिसेल।**

हिन्दी– तब आप को किसी अच्छे आँख के डाक्टर के पास जाना चाहिए।

नागपुरी– **तब तो रउरे के कोनो बेस आँइख कर डाक्टर ठिन जाएक चाही।**

हिन्दी– वे आप की आँखो की जाँच कर चश्मा देंगे।

नागपुरी– **ऊ रउरे कर आँइख कर जाँच कइर के चश्मा देबैं।**

हिन्दी– दूर दृष्टि और निकट दृष्टि के लिए अलग–अलग चश्में होते हैं।

नागपुरी– **दूर देखेक आउर नजिक देखेक ले अलगे–अलगे चश्मा होएल।**

हिन्दी– चश्मा कई प्रकार के होते हैं।

नागपुरी– **चश्मा मन काय किसिम कर होएल।**

हिन्दी– गर्मी के दिनों के लिए धूप चश्मा लाभदायक होता है।

नागपुरी– **गरमकला दिन ले धूप चश्मा लाभकारी होएल।**
हिन्दी– चश्मे के फ्रेम धातु तथा प्लास्टिक आदि के होते है।
नागपुरी– **चश्मा कर फ्रेम धातु आउर प्लास्टिक मनक होएल।**
हिन्दी– मेरे चश्मों का नम्बर बदल गया है।
नागपुरी– **मोर चश्मा कर लम्बर बदइल जाए हे।**
हिन्दी– उसे छोटे फ्रेम का चश्मा पसंद हैं।
नागपुरी– **उके छोट फ्रेम कर चश्मा पसिंद आहे।**
हिन्दी– महिलाएँ पहले बड़े–बड़े चश्में लगाती थीं।
नागपुरी– **जनी मन आगे बड़–बड़ चश्मा लगात रहैं।**
हिन्दी– गोलाकार चश्में खूब अच्छी लगती हैं।
नागपुरी– **गोल गोल चश्मा बेस नगद लागेल।**
हिन्दी– जैसे महात्मा गाँधी के चश्में को कौन नहीं जानता?
नागपुरी– **जइसन महात्मा गाँधी कर चश्मा के, के नी जानेल?**
हिन्दी– सोनेचाँदी के फ्रेम बहुत मंहगे होते हैं।
नागपुरी– **सोना–चाँदी कर फ्रेम अइत महरंग होएल।**
हिन्दी– अब तो लोग चश्में के स्थान पर लेंस आँखों में लगवाते हैं।
नागपुरी– **आब तो अदमी मन चश्मा बदिल लेंसे आँइख में लगुवाएँन।**
हिन्दी– चश्मा पहनने वाले पढ़ाकू समझे जाते हैं।
नागपुरी– **चश्मा पिंधइया मन पढ़ँकार मानल जाएँन।**
हिन्दी– चश्मा पहनने वाली लड़कियों को लोग प्रायः विवाह के लिए छाँट देते हैं।
नागपुरी– **चश्मा पिंधइया लड़की मन के अदमी मन अक्सरे बिहा ले छाँइट देन।**
हिन्दी– कुछ लोग चश्मा पहनने के शौकिन होते हैं।
नागपुरी– **केउ–केउ मन चश्मा पिंधेक कर सवकिया होएँन।**
हिन्दी– शहरों में चश्में की कई बड़ी–बड़ी दुकानें हैं।
नागपुरी– **सहर मन में चश्मा मनक काय ठो जबर–जबर दोकान मन आहे।**

हिन्दी– तुम तो साठ साल हो जाने पर भी चश्मा लगाते नहीं हो?

नागपुरी– तोएँ तो साठ बछर होए जाएको में चश्मा लगाइस निहीं?

हिन्दी– मेरी आँखे अब तक सही सलामत हैं।

नागपुरी– मोर आँइख एखन तक बेसे आहे।

हिन्दी– हरी साग–सब्जी लेने वालों की आँखे, चश्मा नहीं माँगती।

नागपुरी– हरियर तियन–सालन खवइया मनक आँइख, चश्मा नी माँगेल।

हिन्दी– मेरा चश्मा टूट गया है।

नागपुरी– मोर चश्मा टूइट जा हे।

हिन्दी– इसके स्थान पर मुझे नया चश्मा लेना है।

नागपुरी– इकर बदिल मोके नवाँ चश्मा लेक आहे।

हिन्दी– चश्मा से व्यक्तित्व बढ जाता है।

नागपुरी– चश्मा से व्यक्तित्व बइढ जाएल।

हिन्दी– मैं चश्मा पहनना पसंद नहीं करता।

नागपुरी– मोएँ चश्मा पिंधेक पसिंद नी करोंन।

• • •

64. फूल

हिन्दी– सबसे सुंदर और कोमल फूल ही होते है।

नागपुरी– सउब ले सुंदर आउर कोमल फूले होएल।

हिन्दी– फुलों की खुशबू से मन प्रसन्न हो जाता है।

नागपुरी– फूल मनक धमक से मन खुस होए जाएल।

हिन्दी– फूलों के रंगबिरंगे रंग आँखों को अच्छे लगते हैं।

नागपुरी– फूलमनक रिगचिंगिया रंग आँइख के बेस लागेल।

हिन्दी– झारखण्ड का सबसे प्रिय फूल है गुलइची।

नागपुरी– झारखण्ड कर सउबले प्यारा फूल हेके गुलइची।

हिन्दी– इसी से गुलइची पेड़ के नीचे ही देवी गुड़ी का बास होता है।

नागपुरी– सेहे से गुलइची फेंड़ हेंठेहें देवी गुड़ी होएल।

हिन्दी– जंगल में सखुआ के फूल सोने के समान लगते हैं।

नागपुरी– **बन में सरइ फूल सोना नियर लागेल।**

हिन्दी– शाल के फूल सुख–समृद्धि के प्रतीक होते हैं।

नागपुरी– **सरइ फूल सुख–संपति कर प्रतीक होएल।**

हिन्दी– धवइ के फूलों की लाली जंगलों को सुशोभित कर देती है।

नागपुरी– **धवइ–फूल कर लाली बन के सिंगराए देल।**

हिन्दी– कोयनार के फूलों का क्या कहना?

नागपुरी– **कोयनार फूल कर का कहेक?**

हिन्दी– कोयनार फूल तथा कली झारखण्डियों की प्रिय सब्जी है।

नागपुरी– **कोयनार फूल आउर ठुपा झारखण्डी मनक सउबले बेस तियन हेके।**

हिन्दी– जिरहूल फूल भी सब्जी के काम आती है।

नागपुरी– **जिरहूल फूल कर तियन बनेल।**

हिन्दी– पलाश के फूल तो अंगारों के समान चमकते हैं।

नागपुरी– **परसा–फूल तो आँगोर तइर चमकेल।**

हिन्दी– आम के मंजर मधु मखियों को बहुत प्रिय लगते हैं।

नागपुरी– **अम्बा मंजर मउधमाछी मनके अइत बेस लागेल।**

हिन्दी– चम्पा के रंग और सुगंध सबको मोह लेते हैं।

नागपुरी– **चम्पा कर रंग आउर धमक सउब के मोइह लेल।**

हिन्दी– शिरीष के फूलों की माला बड़ी निराली होती है।

नागपुरी– **सिरीस कर फूलक माला अइत सुंदर होएल।**

हिन्दी– पुटुश के फूलों की सुदरता तो झाड़ियों को अलंकृत कर देती हैं।

नागपुरी– **पुटुस फूल कर सुंदरइ तो झुँड़मन के सिंगराए देल।**

हिन्दी– शांति लतर, रंजनी गंधा, हरसिंगार आदि फूल रात्रि में महक उठते हैं।

नागपुरी– **शांतिलतर, राइतरानी समसिंहाइर जइसन फूल मन राइत में धमइक उठेल।**

हिन्दी– फूलों में मधु होता है।

नागपुरी– **फूल मन में मउध होएल।**

हिन्दी– फूलों का श्रृंगार सबसे उत्तम माना जाता है।
नागपुरी– फूल मनक सिंगार सउबले नगद मानल जाएल।
हिन्दी– गेंदे के फूल सभी जगह मिलते हैं।
नागपुरी– गेंदा फूल सभे ज भेटाएल।
हिन्दी– बघनहीं के फूल तो बाघ के नख जैसे लगते हैं।
नागपुरी – बघनही फूल तो बाघ कर नाँवह तइर दिसेल।
हिन्दी– सुरगुजा के फूल पूरे टाँड़ में फैले हुए होते हैं।
नागपुरी– जटंगी–फूल गोटे डाँड़ में पसरल रहेल।
हिन्दी– सनई के फूल सुखा कर भी खाए जाते हैं।
नागपुरी– सनइ फूल सुखाए के हों खाल जाएल।
हिन्दी– कुदरूम फूल की चटनी और आचार अच्छे लगते हैं।
नागपुरी– कुदरूम फूल कर चटनी आउर अँचार बेस लागेल।
हिन्दी– करंज के फूलों की वर्षा होती रहती है।
नागपुरी– करंज फूल कर बरखा होत रहेल।
हिन्दी– करंज फूल की खाद खेतों में अच्छा काम करती है।
नागपुरी – करंज फूलक माँइद दोइन मन में बेस नगद काम करेल।
हिन्दी– फूल धरती के श्रृंगार हैं।
नागपुरी– फूल धरती कर सिंगार हेके।

• • •

65. अखरा

हिन्दी– अखरा हर गाँव का सांस्कृतिक केंद्र होता है।
नागपुरी– अखरा हर गाँव कर सांस्कृतिक ठाँव होएल।
हिन्दी– यह गाँव के मध्य में रहता है।
नागपुरी– ई गाँवक माझे रहेल।
हिन्दी– अखरा एक खुला स्थल होता है।
नागपुरी– अखरा एकगो खुला ठाँव होएल।
हिन्दी– इसके चारो ओर इमली आदि के पेड़ होते हैं।
नागपुरी– इकर चाइरो करे तेतइर गछ मन रहेल।

हिन्दी– किनारे–किनारे बैठने के लिए चपटे पत्थर लगे रहते हैं।

नागपुरी– एकाइर–एकाइर बइठेक तेहें डास पखल मड़ाल रहेल।

हिन्दी– अखरा में सुबह या शाम गाँव की पंचायत सभा भी बैठती है।

नागपुरी– अखरा में बिहान चाहे सांझ गाँव कर पंचइतीयो बइठकी होएल।

हिन्दी– इसमें रात्रि में रसिको का नृत्य–संगीत चलता है।

नागपुरी– इकर में राइते रइसका मनक नाच–गीत मन चलेल।

हिन्दी– बजाने वाले बजाते हैं तो नाचने वाले नाचते हैं और गाने वाले गाते हैं।

नागपुरी– बजनिया मन बजाएँन तो झूमराहा मन नाचेन और गायनाहा मन गाएँन।

हिन्दी– झारखण्ड में चलना ही नृत्य है और बोलना ही संगीत है एवं वक्ष व नितम्ब ही मांदर है।

नागपुरी– झारखण्ड में चलके नाच हेके आउर बोलके गीत हेके आउर छाती आउर खरपटे मांदर हेके।

हिन्दी– गाँव के खेल–तमाशे भी अखरा में ही होते हैं।

नागपुरी– गाँवक खेल–तमासाव मन अखराए में होएल।

हिन्दी– बंदर भालू नचाने वाले अखरा में ही तमाशा लगाते हैं।

नागपुरी– बंदरा भालू खेलवा मने अखराए में तमासा लगाएँन।

हिन्दी– सपेरे भी अखरा में साँपों को नचाते हैं।

नागपुरी– नागमतियाव मन अखरा में साँप मनके नचुवाएँन।

हिन्दी– दोपहर में मजदूर अखरा में ही आराम करते हैं।

नागपुरी– दुपहरिया के कमिया मन अखराए में सुसताएँन।

हिन्दी– कुछ लोग यहीं पर हल, जुआ सगड़ गाड़ी आदि बनाते हैं।

नागपुरी– केउ–केउ मन हिएँ हर, जुवइठ, सगड़ मन बनाएँन।

हिन्दी– कोई रस्सी बाँटता है तो कोई पगहा बनाता है।

नागपुरी– केउ डोरा ढेरेल तो केउ पगहा ढुरियाएल।

हिन्दी– बच्चे चाल गोटी खेलते अखरा में मिल जाएँगे।

नागपुरी– छउवा मन चाइल गोटी खेलत अखरा में भेटाए जाबैं।

हिन्दी– यहाँ रात्रि में आंधीरात तक गीत–संगीत चलता रहता है।

नागपुरी– हिञा राइते आधाअधी राइत तक रीझ–रंग चलते रहेल।

हिन्दी– माँदर, ढाँक, ढोल नगाड़े की आवाज दूर–दर तक गूंजती रहती है।

नागपुरी– मांदर, ढांक, ढोलकी, नगेरा कर बाजेक दूर–दूर तक गुंजरते रहेल।

हिन्दी– रात्रि में बाँसुरी की आवाज बड़ी मधुर लगती है।

नागपुरी– राइते बँसरी बाजेक अइत मधुर लागेल।

हिन्दी– अखरा में कभी घास दिखाई नहीं देता।

नागपुरी– अखरा में कहियो घाँस नी दिसेल।

हिन्दी– जागृत अखरा की यही पहचान है।

नागपुरी– जागल अखरा कर एहे चिन्हा हेके।

हिन्दी– जागृत अखरा से धूल उड़ती रहती है।

नागपुरी– जागल अखरा ले धूरा उड़त रहेल।

हिन्दी– टीवी युग के कारण अनेक अखरा सो गए।

नागपुरी– टी. वी. जुगक चलते कतना अखरा सुइत गेलक।

हिन्दी– अखरा में गाँव वालों का मनोरंजन होता है।

नागपुरी– अखरा में गँवइया मनक दिलखुस होएल।

हिन्दी– गाँव के झगड़े के फैसले भी अखरा में ही होते हैं।

नागपुरी– गाँवक झगरा मन अखराए में फरियाए जाएल।

हिन्दी– अखरा के बिना गाँव की शोभा नहीं।

नागपुरी– अखरा बिगुर गाँवक सुंदरइ निहीं।

• • •

66. थियेटर / नाटक

हिन्दी– आज हमलोग थियेटर देखने जाएँगे।

नागपुरी– आइझ हामरे मन थियेटर देखे जाब।

हिन्दी– आज थियेटर में कौनसा खेल हो रहा है?

नागपुरी– आइझ थियेटर में कोन खेला होत हे?

हिन्दी– आज 'मरङ. गोमके' नाटक खेला जा रहा है।

नागपुरी– आइझ "मरङ. मोमके" नाटक खेलल जात हे।

हिन्दी– इस नाटक के निर्देशक अशोक जी हैं।

नागपुरी – ई नाटक कर निर्देशक अशोक जी हेकैं।

हिन्दी– यह नाटक सुखान्त हैं कि दुखान्त?

नागपुरी– ई नाटक सुख में टूंडू होएल कि दुख में?

हिन्दी– मरङ. गोमके नाटक क्या गिरिराज जी का है?

नागपुरी– मरङ गोमके नाटक का गिरिराज जी कर हेके?

हिन्दी– यह थियेटर बहुत बड़ा है।

नागपुरी– ई थियेटर बड़े जबर आहे।

हिन्दी– क्या यहाँ नाटक का रिहर्सल चल रहा है?

नागपुरी– का हिञा नाटक कर अभ्यास चलत हे।

हिन्दी– इस थियेटर के टिकट बहुत मंहगे / सस्ते हैं।

नागपुरी– ई थियेटर कर टिकिट अइते मँहरंग / सस्ता आहे।

हिन्दी– इस देश में पृथ्वी थियेटर का बड़ा नाम है।

नागपुरी– ई देस में पृथ्वी थियेटर कर नाँव बाजल आहे।

हिन्दी– मुझे थियेटर में नाटक देखना अच्छा लगता है।

नागपुरी– मोके थियेटर में नाटक देखेक बेस लागेल।

हिन्दी– इस थियेटर में ध्वनि–प्रकाश की पूरी व्यवस्था है।

नागपुरी– ई थियेटर में अवाज आउर इंजत कर पूरा सराजाम आहे।

हिन्दी– थियेटर में नाटक आगे से और सिनेमा पीछे से देखना अच्छा लगता है।

नागपुरी– थियेटर में नाटक आगे ले आउर सिनेमा पाछे से देखेक नगद लागेल।

हिन्दी– गैलरीनुमा थियेटर सबसे उत्तम माना जाता है।

नागपुरी– गेलरी बरन थियेटर सउबले बेस मानल जाएल।

हिन्दी– अभिनेताओं की आवाज इसमें गूंजती नहीं।

नागपुरी– नटकरवा मनक बोली इकर में गूंजेल निहीं।

हिन्दी– क्या आप को यह नाटक पसंद आया?

नागपुरी– का रउरे के ई नाटक पसिंद लागलक?

हिन्दी– मुझे बड़ा आनन्द आया मरङ. गोमके नाटक देख कर।

नागपुरी– मोके बहुत माजा लागलक मरङ. गोमके नाटक देइख के।

हिन्दी– अभिनेत्री का अभिनय तो लाजवाव था?

नागपुरी– नटकरनी कर नाटक तो का कहेक रहे?

हिन्दी– नाटक के बीच में दस मिनट का अन्तराल होता है।

नागपुरी– नाटक कर माझे दस मिनिट कर होका होएल।

हिन्दी– इस थियेटर का जलपान गृह देखा आप ने?

नागपुरी– ई थियेटर कर पइनपियाव घर देखली रउरे?

हिन्दी– हाँ, बहुत अच्छी चाय–पकौड़ी मिली।

नागपुरी– हँ अइते नगद चाह–पकउड़ी भेटालक।

हिन्दी– इस थियेटर में प्रवेश करते ही मन खुश हो जाता है।

नागपुरी– ई थियेटर में ढुकतेहें मन खुस होए जाएल।

हिन्दी– अंकन और झरना जी के अभिनय का क्या कहना?

नागपुरी– अंकन आउर झरना जी कर अभिनय कर का कहेक?

हिन्दी– अशोक जी ने तो कमाल ही कर दिया है इस नाटक में।

नागपुरी– अशोक जी तो कमाले कइर दे हैं ई नाटक में।

हिन्दी– अशोक पागल, विनोद कुमार, राकेश रमण, अनिल ठाकुर सुशील अंकन, अशोक अंचल आदि अच्छे थियेटर कर्मी हैं।

नागपुरी– अशोक पागल, विनोद कुमार, राकेश रमण, अनिल ठाकुर, सुशील अंकन, अशोक अंचल मन बेस थियेटर कर्मी हेकैं।

• • •

67. सिनेमा / बाइस्कोप

हिन्दी– क्या नागपुरी में भी सिनेमा बना है?

नागपुरी– का नागपुरीयो में बाइसकोप बइन हे?

हिन्दी– बिल्कुल बना है!

नागपुरी– एकदम बइन हे।

हिन्दी– नागपुरी का पहला सिनेमा कौन सा है?

नागपुरी– नागपुरी कर पहिल सिनेमा कोन हेके?

हिन्दी– धनंजय नाथ तिवारी केर "सोना कर नागपुर" को कौन नहीं जानता!

नागपुरी– धनंजय नाथ तिवारी कर "सोना कर नागपुर" के, के नी जानेल?

हिन्दी– और किन–किन लोगों ने सिनेमा बनाया है?

नागपुरी– आउर के के मन बाइसकोप बना हैं?

हिन्दी– रवि चौधरी का "प्रीत" और "मोर प्रतिज्ञा" खूब नाम कमाया।

नागपुरी– रवि चौधरी कर "प्रीत" आउर "मोर प्रतिज्ञा" बेस नाँव कमालक।

हिन्दी– श्रीकांत कर गुइया न. एक खूब देखा गया।

नागपुरी– श्रीकांत कर गुइया न. एक खउब देखल गेलक।

हिन्दी– सजना अनाड़ी को लोगों ने बहुत पसंद किया।

नागपुरी– सजना अनाड़ी के तो अदमी मन अइते पतियालैं।

हिन्दी– अभी नागपुरी में फिल्म बनाने की होड़ सी लग गई है।

नागपुरी– एखन नागपुरिया बाइसकोप बनाएक ले होड़ मचल आहे।

हिन्दी– अधिकांश निर्माता बम्बइया स्टाइल की फिल्में बनाते हैं।

नागपुरी– बगरा बनवइया मन बम्बइया मइधका बाइसकोप बनाएँन।

हिन्दी– इसमें नागपुरिया जीवन और संस्कृति का अभाव रहता है।

नागपुरी– इकर में नागपुरिया जिनगी आउर संस्कृति कर कमतलास रहेल।

हिन्दी– नागपुरिया फिल्मों में नागपुरी समाज का हर्ष–विषाद भी आना

चाहिए।

